आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹111272/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹135900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹148347/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

जग्गी हत्याकांड: आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराया गया, उम्रकैद के साथ 1000 रुपए का जुर्माना

# अमित जोगी को उम्रकैद, कोर्ट ने माना मास्टरमाइंड, कहा- संगठित अपराध, इसमें पुलिस मशीनरी का भी दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिसअरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अमित जोगी को आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और 1000 रुपए का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा होगी।

हाईकोर्ट ने अमित जोगी को सरेंडर करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया है। इसके बाद उन्हें सरेंडर करना पड़ेगा। वहीं, इस मामले में अमित जोगी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इस याचिका पर सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि 4 जून 2003 को राजधानी रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 लोगों को आरोपी बनाया गया था। बाद में तीन आरोपी सरकारी गवाह बन गए थे। कोर्ट ने इस मामले में अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सुनाई थी। 31 मई 2007 को रायपुर की विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को इस मामले से बरी कर दिया। इसके बाद रामवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट भेज दिया था। 77 पन्नों के अपने आदेश में फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा जब सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे सबूत हों, तो किसी एक को बरी कर देना और बाकी को उन्हीं सबूतों के आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं है। जब तक कि उसे छोड़ने का कोई ठोस और अलग कारण साबित नहीं हो। कोर्ट ने कहा है कि जहां सह-आरोपी को दोषी साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हों वहां मुख्य आरोपी को बरी करने के लिए, जिसकी भूमिका अपराध करने में सेंट्रल मानी जाती है, सख्त ज्यूडिशियल जांच की ज़रूरत होती है। कोर्ट ने माना कि मुख्य आरोपी अक्सर अपराध करने में ज़्यादा एक्टिव, निर्णायक या सुपरवाइज़री भूमिका निभाते हैं। इस केस में भी अमित जोगी की भूमिका ऐसी ही पाई गई है।

### दूसरे आरोपियों की तुलना में ज्यादा गंभीर भूमिका

हाईकोर्ट ने कहा है कि रिकार्ड में मौजूद सभी साक्ष्य और सबूतों को देखा जाए तो यह साफ होता है कि साजिश के पीछे मुख्य आर्किटेक्ट और ड्राइविंग फ़ोर्स और आख़िरी फ़ायदा उठाने वाला अमित जोगी ही था। प्लानिंग के स्तर से लेकर आरोपियों के बीच मुख्य कड़ी, अपराधियों को सिस्टमैटिक तरीके से बचाना सब किया गया। इस तरह के बड़े आपरेशन के लिए एक कमांडिंग व्यक्ति की ज़रूरत थी जो कि अमित जोगी ने की। यह इस हत्याकांड के दूसरे आरोपियों की तुलना में ज्यादा गंभीर है और ऐसे मुश्किल हालात में उसका बरी होना पूरी तरह से नामुमकिन और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों के हिसाब से ठीक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल जज ने बेवजह आरोपी-अमित जोगी की भूमिका को दूसरे साथ वाले आरोपियों/दोषियों से अलग करने की कोशिश की है जबकि सबूत बताते हैं कि एनसीपी के पदाधिकारियों को खत्म करने का प्लान खुद अमित जोगी ने बनाया था।

## कोर्ट ने कहा- जब सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे सबूत हों, तो किसी एक को बरी करना सही नहीं





अमित पहुंचे सुप्रीम कोर्ट 20 अप्रैल को सुनवाई

### ट्रायल कोर्ट का फैसला गलत, रद्द किया गया

हाईकोर्ट ने कहा कि ट्रायल जज का आरोपी अमित जोगी को बरी करने का फ़ैसला साफ़ तौर पर गैर-कानूनी, गलत, गलत, रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों के खिलाफ़ और बिना किसी ठोस आधार का है। इसलिए, 31 मई 2007 को रायपुर के स्पेशल जज (एट्रोसिटीज़) का सेशन ट्रायल नंबर 329/2005 में दिया गया फैसला, जो अब तक आरोपी अमित जोगी को बरी करने से जुड़ा है, वह रद्द किया जाता है। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी अमित जोगी को भी दोषी ठहराया जाता है और उसे भी वैसी ही सज़ा दी जा सकती है जैसी दूसरे दोषियों, यानी चिमन सिंह, याह्या ढेबर, अभय गोयल और फिरोज सिद्दीकी को दी गई है।

### अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टरमाइंड

हाईकोर्ट ने कहा कि पूरे सबूतों से यह साफ है कि अमित जोगी पूरी साज़िश का मास्टर माइंड था और उस समय के मुख्यमंत्री का बेटा होने के नाते उसके पास कमांडिंग पोजीशन भी थी। वह इतना असरदार आदमी था कि पुलिस अधिकारियों को ऐसे लोगों का इंतज़ाम करने के लिए मैनेज कर सकता था जो खुद को हमलावर बता सकें। कोर्ट ने कहा कि पैसों का लेनदेन, बत्रा हाउस, होटल ग्रीन पार्क और सीएम हाउस में में आरोपियों की अमित जोगी के साथ बार-बार मीटिंग के सबूत साफ दिखाते हैं कि उसे शुरू से ही सारी साजिश की पूरी जानकारी थी और पूरा जुर्म अमित जोगी के कहने पर ही किया गया था।

### यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष न्यायाधीश द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्ष जो कि आरोपी अमित जोगी को बरी करने की बात है, वे गलत हैं और रिकॉर्ड में मौजूद सबूतों से साबित नहीं होते। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी अमित जोगी के मामले को दूसरे साजिश करने वालों से अलग करने का कोई कारण नहीं बताया है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिस तरह से इस अपराध की योजना बनी और उसे अंजाम दिया गया, उससे साफ जाहिर होता है कि यह हाई-लेवल का ऑर्गनाइज़्ड क्राइम था। इसमें खास तौर पर राज्य पुलिस मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। इसके साथ ही असरदार और अधिकार वाले बड़े लोगों की एक्टिव भागीदारी, गाइडेंस और सुरक्षा के बिना यह मुमकिन नहीं था। कोर्ट ने कहा कि इस बैकग्राउंड में, आरोपी अमित जोगी की भूमिका बहुत अहम हो जाती है।

---

## खबर संक्षेप

### कार-ट्रक में भिड़ंत में तीन युवकों की मौत



**इंदौर।** इंदौर में विवाह समारोह से लौट रहे लोगों की कार के ट्रक से भिड़ जाने के कारण तीन युवकों की मौत हो गई जबकि नौ व्यक्ति घायल हो गए। हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मोहम्मद फरहान (19), आरिश अली (20) और मोहम्मद इरफान (24) के रूप में हुई है। ये सभी कार में सवार थे। घायल नौ लोगों को इंदौर के शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। ये लोग इंदौर के रहने वाले हैं और पड़ोसी देवास जिले में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। हादसे पर आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगाने का प्रयास किया और पुलिस ने उन्हें समझा कर हालात पर काबू पाया।

### रामजस व मिरांडा हाउस कॉलेज को बम धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज और मिरांडा हाउस कॉलेज को सोमवार को ईमेल के जरिए बम संबंधी धमकी दी गई जिसके बाद कई एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और तलाश अभियान शुरू किया। एजेंसियों को संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। ईमेल संदेशों में बम का जिक्र नहीं था, लेकिन उनके विषय वाले हिस्से में धमकी का उल्लेख था।

### चौथे तटरक्षक तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए तीव्र गश्ती पोत के निर्माण की शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। ये 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं।

---

तमिलनाडु की मदुरै कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## पिता-पुत्र को पीट-पीटकर मारने वाले पुलिसकर्मियों को मृत्युदंड



**मदुरै।** मदुरै की एक अदालत ने तूतीकोरिन के सथानकुलम में हिरासत में क्रूर यातना देकर एक पिता-पुत्र की हत्या कर देने के जुर्म में सोमवार को नौ पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जी. मुथुकुमारन ने इसे दुर्लभतम मामला बताते हुए कहा कि जनता की रक्षा का जिम्मा संभालने वालों ने ऐसा अपराध किया है जिसने समाज की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर दिया है। अदालत ने पी जयराज और उनके बेटे जे बेनिक्स की हत्या के लिए दोषी ठहराए गए सभी नौ पुलिस अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई। मृत्युदंड के अलावा, अदालत ने मुजरिमों पर 1.40 करोड़ का संयुक्त जुर्माना भी लगाया, जिसे पीड़ितों के परिवार को मुआवजे के रूप में भुगतान किया जाएगा। यह त्रासदी जून 2020 में कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान घटी, जब जयराज और बेनिक्स को कथित तौर पर निर्धारित समय से अधिक समय तक मोबाइल फोन की दुकान खुली रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। हिरासत में उनके साथ भीषण मारपीट की गई, जिसके परिणामस्वरूप कुछ दिनों बाद अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई।

### 1 करोड़ 40 लाख रुपए का संयुक्त जुर्माना

कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई।

### पुलिसकर्मियों पर क्या आरोप थे?

आरोपियों पर हत्या, गंभीर चोट पहुंचाने, साक्ष्य गढ़ने और झूठे मामले दर्ज करने के आरोप शामिल थे।

### 9 पुलिसकर्मियों में एक इंस्पेक्टर और एक सब-इंस्पेक्टर

दोषी ठहराए गए पुलिसकर्मियों में इंस्पेक्टर एस. श्रीधर, सब-इंस्पेक्टर पी. रघु गणेश और के. बालकृष्णन, हेड कॉन्स्टेबल एस. मुरुगन और ए. समदुरई है। साथ ही कॉन्स्टेबल एम. मुथुराज, एस. चेल्लादुरई, एक्स. थॉमस फ्रांसिस और एस. वेलुमुथु शामिल हैं। मामले में 10वें आरोपी स्पेशल सब-इंस्पेक्टर पॉलदुरई की ट्रायल के दौरान कोविड से मौत हो गई थी।

### क्या है मामला

दरअसल, 19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे।

---

## खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी बढ़ा दिए 30 रुपए दाम

अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम थोक में अब 260 से 340 रुपए तक, चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से सीमेंट कंपनियों की मनमर्जी सामने आई है। सोमवार से सभी कंपनियों ने सीमेंट के दाम 30 रुपए बढ़ा दिए हैं। खुले बाजार के साथ सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम भी बढ़े हैं। अब सीमेंट के दाम चिल्हर में 300 से 350 रुपए हो गए हैं। थोक में इसके दाम 260 से 340 रुपए हो गए हैं। जो सबसे महंगा नान ट्रेड सीमेंट ओपीसी का 310 रुपए था, वह 340 रुपए हो गया है। हरिभूमि ने पहले ही 4 अप्रैल के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था कि सीमेंट के दाम सोमवार से बढ़ाने की तैयारी है। अभी दाम 30 रुपए बढ़े हैं आने वाले समय में इसके दाम और 20 से 30 रुपए बढ़ाने की तैयारी है। प्रदेश की सीमेंट ▶▶|शेष पेज 6 पर





खास खबर

**बढ़े हैं दाम :** खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी दाम 30-30 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। इससे सरकारी काम काफी प्रभावित होगा। पहले ही अन्य सामानों के दाम भी बढ़ गए हैं। सीमेंट के दाम बढ़ाने का कोई कारण भी नहीं है।

- **रूपेश सिंघल,** बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ अध्यक्ष

### नान ट्रेड के दाम दूसरे राज्यों में कम

सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियों से ही जो नान ट्रेड सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है, उन राज्यों को सीमेंट छत्तीसगढ़ के ठेकेदारों को दिए जाने वाले दाम से 40 रुपए कम में दिया जाता है।

### किस ब्रांड के कितने दाम

कारोबारियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लगातार कंपनियां दाम बढ़ाने की बात कह रही थी। इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया जा रहा था। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल का टार्गेट पूरा करने के लिए ही ऐसा किया गया है। दाम बढ़ने से पहले अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम 60 बोरी के 230 से 270 रुपए तक थे। अब दाम 260 से 300 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में मनमर्जी रहती है। चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए हो गए हैं। अब अल्ट्राटेक 60 बोरी के दाम 270 से बढ़कर 300 रुपए, एसीसी के 250 से बढ़कर 280 रुपए, जेके लक्ष्मी के 230 से बढ़कर 260 रुपए और नोवोको के भी 230 से बढ़कर 260 रुपए हो गए हैं।

---

स्टूडेंट्स, प्रवासी मजदूरों को बड़ी राहत

## बिना एड्रेस प्रूफ के मिलेगा पांच किलोग्राम वाला गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



घर से दूर रहकर काम करने वाले लाखों लोगों की एक बड़ी मुश्किल अब खत्म होने वाली है। सरकार ने फैसला किया कि 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर के लिए अब एड्रेस प्रूफ की जरूरत नहीं होगी। बस एक वैध पहचान पत्र दिखाना होगा और एक सादा कागज पर खुद लिखकर देना होगा कि गैस सिर्फ खाना पकाने के लिए उपयोग होगी। यह उन लोगों के लिए सबसे बड़ी राहत है जो किराए के कमरे में रहते हैं, जिनका पता बदलता रहता है। जो दूसरे शहर में पढ़ रहे हैं या काम कर रहे हैं। ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने इस फैसले को कमजोर तबकों के लिए अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूर, घरेलू कामगार, दिहाड़ी मजदूर, छात्र और बिना स्थायी पते वाले पेशेवर लोगों को नया घरेलू कनेक्शन लेने में दिक्कतें आती थीं, इन सबको अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। सरकार ने बताया कि 23 मार्च 2026 से अब तक देशभर में करीब 6.6 लाख 5 किलो के एफटीएल सिलेंडर बांटे जा चुके हैं।

### करना होगा यह काम

इन्हें बस इतना काम करना है। नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाना है। वैध आईडी दिखानी है और एक सेल्फ-डिक्लेरेशन लेटर देना है, जिसमें रहने की जगह का ज़िक्र हो और यह लिखा हो कि सिलेंडर सिर्फ घर में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होगा। एक बात साफ कर दें। यह एफटीएल सिलेंडर सिर्फ घरेलू इस्तेमाल के लिए है, व्यावसायिक ग्राहकों के लिए नहीं।

---

हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, कहा- ये शर्मनाक

## पांच हजार से अधिक स्कूलों में लड़कियों के लिए नहीं है शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के 5,000 से अधिक सरकारी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय न होने पर बिलासपुर हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इसे छात्राओं के साथ उत्पीड़न और स्कूल छोड़ने का बड़ा कारण मानते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव से विस्तृत रिपोर्ट (शपथ पत्र के साथ) मांगी है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राज्य में स्वच्छ शिक्षा के माहौल पर सवाल उठाता है। शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र में सभी स्कूलों में कहा कि टायलेट बनाए जा रहे हैं जो जल्द पूरे होंगे। इसके साथ ही कोर्ट ने बिलासपुर के सिरगिट्टी स्कूल में बदहाली और बीच मैदान में सरिया छोडने के कारण हो रही परेशानी पर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से जवाब मांगा है।

हरिभूमि ने इस मामले को उठाते हुए बताया था कि प्रदेश के पांच हजार से अधिक स्कूलों गर्ल्स टायलेट नहीं है तो 8 हजार से अधिक स्कूल ऐसे हैं जहां शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। ▶▶|शेष पेज 6 पर





### स्कूलों में छात्राओं की संख्या 19.54 लाख

गौरतलब है कि अगर पिछले वर्ष स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के दौरान मर्जर से प्रदेश में गर्ल्स टॉयलेट स्कूलों की संख्या बढ़ गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यू-डाइस रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार छत्तीसगढ़ में 48757 सरकारी स्कूल संचालित थे। इनमें 37.64 लाख विद्यार्थी हैं। इनमें छात्राओं की संख्या 19.54 लाख है। युक्तियुक्तकरण के बाद स्कूलों की संख्या घटकर 38 हजार हुई। लिहाजा बिना गर्ल्स टॉयलेट वाले 5500 स्कूलों में से अभी भी एक हजार से अधिक स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं है।

### नया बनाने के साथ ही मरम्मत का कार्य जारी

शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र में माना कि बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, बस्तर और जांजगीर-चांपा के स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट की सबसे अधिक कमी है। साथ ही विभागीय निर्देशों के बाद जिन स्कूलों में टॉयलेट जर्जर या अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां मरम्मत शुरू कर दी गई है। ध्यान रहे कि राज्य की बात करें तो यहां संचालित 56 हजार 615 स्कूलों में से 54 हजार 715 में लड़कियों के लिए टॉयलेट तो हैं, लेकिन 52 हजार 545 टॉयलेट ही उपयोग करने की दशा में है। वहीं, छात्रों के लिए भी ऐसी ही स्थिति है, इनके लिए 53 हजार 142 स्कूलों में टायलेट तो हैं, लेकिन 49 हजार 355 चल रहे हैं। यानी 4070 स्कूल में गर्ल्स के लिए और 7260 में ब्वॉज के लिए नहीं है।

### शासन का कहना- छग में आरटीई प्रतिपूर्ति राशि दूसरे राज्यों से बेहतर

# आरटीई के तहत प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों की मान्यता होगी रद्द




**आरटीई फीस बढ़ाने की मांग कर रहे हैं प्रदेश के निजी विद्यालय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की फीस राशि बढ़ाने की मांग कर रहे विद्यालयों को लेकर शासन ने कड़ा रूख अपनाया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि जो विद्यालय आरटीई के अंतर्गत दाखिला नहीं देंगे, उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। गौरतलब है, आरटीई प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाने जाने की स्थिति में निजी स्कूलों ने शासकीय कार्यों में असहयोग करने का निर्णय लिया है।

शासन के मुताबिक, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों को नर्सरी या कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है। इसके बदले राज्य सरकार प्रति बच्चा व्यय के आधार पर स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करती है। यह राशि सरकारी स्कूल में प्रति बच्चे पर होने वाले खर्च या निजी स्कूल की वास्तविक फीस (दोनों में से जो भी कम हो) के आधार पर निर्धारित की जाती है। छत्तीसगढ़ में शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि कई पड़ोसी राज्यों की तुलना में बेहतर या उनके समकक्ष है।

### अन्य राज्यों में इतना भुगतान

प्रदेश में वर्ष 2011-12 से ही पहली से पांचवीं कक्षा तक 7000 रूपए और छठवीं से आठवीं कक्षा तक 11 हजार 400 रूपए वार्षिक प्रतिपूर्ति राशि निर्धारित है। तुलनात्मक रूप से देखें तो मध्य प्रदेश में 4,419 रूपए बिहार में 6,569 रूपए, झारखंड में 5,100 रूपए और उत्तर प्रदेश में 5,400 रूपए वार्षिक दिए जाते हैं। यद्यपि ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक में यह राशि अधिक है, किंतु समग्र मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ की प्रतिपूर्ति राशि संतुलित और उचित है।

### 3.63 लाख छात्र आरटीई के

वर्तमान में राज्य के 6,862 निजी विद्यालयों में आरटीई के माध्यम से लगभग 3,63,515 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस वर्ष भी कक्षा पहली की लगभग 22,000 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। चूंकि सभी निजी विद्यालयों को आरटीई अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही मान्यता दी गई है, अतः यह उनकी वैधानिक जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करें। यदि कोई निजी विद्यालय आरटीई के तहत प्रवेश देने से इंकार करता है या प्रक्रिया में व्यवधान डालता है, तो राज्य शासन उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। इसमें विद्यालय की मान्यता समाप्त करने तक का प्रावधान शामिल है।

---

### झूकेंगे नहीं

हम आर्थिक रूप से परेशान हैं। शासन से अनुरोध है कि हमारी समस्याएं भी देखी जाएं। मांग पूर्ति तक हम झूकेंगे नहीं।

**- राजीव गुप्ता**
निजी स्कूल संघ

## जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा आज होंगे रिटायर, हाईकोर्ट में विदाई समारोह

**बिलासपुर।** जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा 7 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। उनके रिटायरमेंट के अवसर पर मंगलवार को चीफ जस्टिस के कोर्ट में



रूम में विदाई समारोह आयोजित किया गया है। ध्यान रहे कि जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने हाईकोर्ट में 23 जनवरी 2024 को अतिरिक्त जज के पद पर शपथ ली थी। दिसंबर 2025 में उन्होंने हाईकोर्ट में स्थाई जज के पद पर शपथ लिया था।

जनवरी 2024 से लगातार छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सेवा प्रदान करने के बाद वे अब रिटायर हो रहे हैं। ज्ञात हो कि जस्टिस वर्मा ने अमित जोगी के खिलाफ सीबीआई की अपील पर सुनवाई करने वाले विशेष पीठ के सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। इनके सेवानिवृत्त के उपरांत छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस सहित 14 जस्टिस ही रह जाएंगे।

### जिला जज सहित विभिन्न पदों पर सेवाएं

जिला जज सहित विभिन्न पदों पर रह चुके हैं जस्टिस श्री वर्मा मूलतः अंबिकापुर के रहने वाले हैं। जस्टिस अरविद कुमार वर्मा का जन्म 8 अप्रैल 1964 को हुआ। 1994 में वे सिविल जज क्लास-2 के रूप में न्यायिक सेवा में आए। इस दौरान वे अंबिकापुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, घरघोड़ा में पदस्थ रहे। फिर 2005 में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के पद पर रायपुर तबादला हुआ। 2018 में उन्हें जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत कर जगदलपुर में पोस्टिंग दी गई। जस्टिस वर्मा बिलासपुर और रायपुर के भी जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार जनरल के पद पदस्थ किया गया। इस पद में पदस्थापना के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अतिरिक्त जस्टिस के पद में पदस्थ किया था।

## भारत माला भूमि की मुआवजा राशि में हिस्सा नहीं मिला, महिला आयोग में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत माला परियोजना में अधिग्रहित हुई जमीन की मुआवजा राशि में हिस्सा नहीं मिलने पर एक महिला ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की है। इस शिकायत पर आयोग ने सोमवार को सुनवाई की तथा मामले में फैसला आने तक अनावेदक के बैंक खाते के ट्रांसजेक्शन पर रोक लगाने के लिए दुर्ग जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर अनुशंसा की है।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं ओजस्वी मंडावी ने रायपुर आयोग कोर्ट में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इसमें एक प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की कि ग्राम कोलियारी स्थित उसके परिवार की ढाई एकड़ जमीन भारत माला परियोजना में अधिग्रहित की गई। इसके बदले 1 करोड़ 64 लाख रुपए का भुगतान हुआ है। यह राशि अनावेदक के बैंक खाते में है। उसने बताया कि उसके अन्य दो भाई हैं। महिला ने बताया कि जो जमीन अधिग्रहित हुई, उसमें उसका भी हिस्सा है, इसलिए मुआवजा राशि के एक चौथाई हिस्से की वह भी हकदार है, जिसे वह पाना चाहती है। सुनवाई में आवेदिका के अनुसार यह भी जानकारी सामने आई है कि कलेक्टर दुर्ग से इस परियोजना के तहत 2 गुना कीमत प्राप्त हुई है, शेष 2 गुना कीमत के लिए मामला लंबित है। इसे देखते हुए आयोग ने कलेक्टर दुर्ग को पत्र लिखा है, जिसमें अनुशंसा की गई है कि इस मामले का निराकरण होने तक बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर गंजपारा में अनावेदक के बैंक एकाउंट में दर्ज मोबाइल नंबर के बैंक खाते के ट्रांजेक्शन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

# अब एंडोर्समेंट पर नहीं होंगे अलग हस्ताक्षर, ई-ऑफिस सिस्टम के अनुरूप बदली प्रक्रिया

**डिजिटल हस्ताक्षर से पूरे दस्तावेज प्रमाणित, विभागों को नए निर्देश जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय पत्र व्यवहार में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए पृष्ठांकित प्रतियों (एंडोर्समेंट) पर अलग से हस्ताक्षर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अब किसी भी शासकीय पत्र के मूल भाग पर सक्षम अधिकारी के डिजिटल या भौतिक हस्ताक्षर ही पर्याप्त और मान्य होंगे।

दरअसल राज्य में जनवरी 2026 से ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद अधिकांश शासकीय कार्य डिजिटल माध्यम से किए जा रहे हैं। इस नई व्यवस्था में तकनीकी कारणों से एक ही अधिकारी द्वारा दस्तावेज के अलग-अलग स्थानों पर हस्ताक्षर करना संभव नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने परंपरागत प्रक्रिया में बदलाव किया है।

### हस्ताक्षर की जगह अब पदनाम

जारी निर्देश के अनुसार, अब पृष्ठांकित प्रतियों पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं होगी। इन प्रतियों में केवल संबंधित व्यक्ति, पदनाम या कार्यालय का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा, ताकि सूचना और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज पूरे दस्तावेज को प्रमाणित करता है, इसलिए अलग-अलग स्थानों पर हस्ताक्षर की जरूरत नहीं रह जाती।

### सामान्य प्रशासन ने दिया ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और अन्य शासकीय कार्यालयों को निर्देशित किया है कि भविष्य में जारी किए जाने वाले सभी कार्यालयीन ज्ञापन, आदेश, परिपत्र और पत्र इसी नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार किए जाएं। इस बदलाव को शासन की डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक और ठोस पहल माना जा रहा है, जिससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी।

### पहले थी ये पंरपरा

पहले शासकीय पत्रों की मूल प्रति के साथ-साथ उसकी पृष्ठांकित प्रतियों पर भी हस्ताक्षर और प्रति हस्ताक्षर की परंपरा रही है, जिससे प्रक्रिया लंबी और समय लेने वाली होती थी। ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद इस तरह की प्रक्रियाएं व्यावहारिक नहीं रह गई थीं। ऐसे में यह निर्णय प्रशासनिक कार्यों को सरल और तेज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**छात्रों की मातृभाषा में सिखाई जाएगी कोडिंग और डेटा एनालिसिस / सरल विधि से सिखाएंगे गणित ताकि अपग्रेड हो सकें विद्यार्थी**

# गणनात्मक विचार होगा सिलेबस का हिस्सा, छात्र जानेंगे कैसे काम करता है इंस्टाग्राम व यूट्यूब का एल्गोरिद्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में अब ब्लैकबोर्ड की जगह व्हाइटबोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। तीसरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के लिए एआई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का नया कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा एनसीईआरटी और सीबीएसई मिलकर क्षेत्रीय भाषाओं में भी पढ़ाई कराएंगे।

सीबीएसई के अनुसार, रटने की प्रवृत्ति के स्थान पर अब जोर इस पर होगा कि बच्चा कितना बेहतर सोच सकता है और कैसे नई चीजें डिजाइन कर सकता है। इस बड़े बदलाव का सबसे खास हिस्सा यह है कि अब टेक्नोलॉजी की पढ़ाई केवल गणित विषय में ही नहीं होगी। एनसीईआरटी और सीबीएसई मिलकर ऐसा सिलेबस तैयार कर रहे हैं, जिसे स्टूडेंट्स अपनी मातृभाषा में पढ़ और समझ सकेंगे। चाहे कोडिंग हो या डेटा एनालिसिस, छात्र अपनी भाषा में दुनिया की आधुनिक




तकनीक सीख सकेंगे। सीबीएसई नए सिलेबस से ढ़ाई का तरीका बदलने के साथ छात्रों को अपग्रेड करने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है, तीसरी से आठवीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग अर्थात गणनात्मक विचार और एआई को सिलेबस का हिस्सा बना दिया गया है। फिलहाल इसे 6वीं से 8वीं तक लागू किया जा रहा है और अगले साल से 9वीं-10वीं के छात्र भी इसे पढ़ेंगे। इसे किसी अलग मुश्किल विषय की तरह नहीं, बल्कि गणित के साथ जोड़कर पढ़ाया जाएगा। इससे गणित का डर खत्म होगा और छात्र डेटा को सरलता से समझ सकेंगे।

### सिखाएंगे वैज्ञानिक की तरह सोचना

बोर्ड के अनुसार, विद्यार्थियों के संदर्भ में अक्सर यह शिकायत आती है कि वे परीक्षा के लिए रट्टा मारते हैं और बाद में सब भूल जाते हैं। इसका हल ढूंढते हुए अब पूरा फोकस क्रिटिकल थिंकिंग पर किया जा रहा है। अर्थात बच्चों को सवाल हल करने के लिए मशीन जैसा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक जैसा सोचना सिखाया जाएगा। छात्र यह समझ सकेंगे कि मोबाइल में जो एल्गोरिद्म चल रहा है, वो काम कैसे करता है। इससे वे तकनीक के गुलाम नहीं, बल्कि उसके निर्माता बन सकेंगे।

### भाषायी ज्ञान के अभाव में पिछड़े

कई बार बच्चे सिर्फ इसलिए पीछे रह जाते थे क्योंकि टेक्नोलॉजी से जुड़े भारी-भरकम शब्द अंग्रेजी भाषा में होते थे। आज-कल के बच्चे सोशल मीडिया पर बहुत वक्त बिताते हैं। नए सिलेबस में बच्चों को सिखाया जाएगा कि इंस्टाग्राम या यूट्यूब के पीछे का एल्गोरिद्म उन्हें कैसे चीजें दिखाता है। इससे स्टूडेंट्स में डेटा की समझ बढ़ेगी और वे सोशल मीडिया का सही और सुरक्षित इस्तेमाल कर सकेंगे। सीबीएसई स्कूलों में अब ऐसी पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा जो सीधे भविष्य की नौकरियों और जरूरतों से जुड़ी हो।



बिलासपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 | बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी | वर्ष: 26, अंक: 16 | पृष्ठ: 10+8+8 =26, मूल्य: 5.00*** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# छग में बढ़ रही गैर कार्यशील आबादी, पैसा नहीं कमाने वाले 1 करोड़ 60 लाख, अर्थव्यवस्था पर इसका असर

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो ऐसा कोई काम नहीं करते, जिससे उन्हें रुपए या आय प्राप्त हो। इनमें 14 साल के बच्चे और 60 साल या उससे ऊपर की आयुवर्ग के लोग शामिल हैं। इन्हें गैर कार्यशील जनसंख्या या नॉन वर्किंग पापुलेशन कहा ▶▶|शेष पेज 6 पर


### रायपुर टॉप पर, फिर बिलासपुर का नंबर

विशेष रूप से राजधानी रायपुर और बिलासपुर जैसे शहरी और औद्योगिक केंद्रों में यह संख्या सबसे अधिक है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि रायपुर इस सूची में शीर्ष पर बना हुआ है। रायपुर जिले में गैर-कार्यशील लोगों की संख्या सबसे ज्यादा (16.68 लाख से अधिक) है। नारायणपुर (86,567) और सुकमा (1,18,554) ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ये असर होता है नॉन वर्किंग पापुलेशन बढ़ने का

अकार्यशील जनसंख्या का बढ़ना किसी भी राज्य या देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। जब बड़ी संख्या में लोग आर्थिक गतिविधियों में भाग नहीं लेते तो इसके दूरगामी और बहुआयामी नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। जैसे आर्थिक निर्भरता का बोझ, जब गैर-कार्यशील आबादी बढ़ती है तो काम करने वाले लोगों (15-59 आयुवर्ग) पर बोझ बढ़ जाता है।

**1 मार्च 2026** की स्थिति के अनुसार उन शीर्ष **10** जिलों को दर्शाते हैं जहां गैर-कार्यशील आबादी सबसे अधिक है :रैंक जिला गैर-कार्यशील जनसंख्या (**1 मार्च 26**)



| जिला | गैर-कार्यशील जनसंख्या |
|---|---|
| रायपुर | 16,68,185 |
| बिलासपुर | 12,03,022 |
| दुर्ग | 11,31,110 |
| बलौदाबाजार | 8,26,584 |
| कोरबा | 8,06,207 |
| रायगढ़ | 7,43,799 |
| महासमुंद | 6,32,569 |
| कबीरधाम | 5,80,506 |
| बस्तर | 5,43,076 |
| बेमेतरा | 5,21,913 |

### प्रति व्यक्ति आय में कमी

घर का एक व्यक्ति कमाने वाला होता है और खाने वाले कई, जिससे परिवार की बचत और निवेश करने की क्षमता कम हो जाती है। संसाधनों का बंटवारा, परिवार की आय का बड़ा हिस्सा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सरकारी खजाने पर बढ़ता है दबाव

बढ़ती गैर-कार्यशील आबादी का मतलब है कि सरकार को सामाजिक कल्याण योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा। जैसे-जैसे आश्रित आबादी बढ़ती है, सरकार को 'खाद्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ बेहतर

अगर हम राष्ट्रीय स्तर पर तुलना करें तो गैर-कार्यशील आबादी के मामले में छत्तीसगढ़ की स्थिति बड़े राज्यों की तुलना में काफी बेहतर है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में आबादी अधिक होने ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नासा ने रचा इतिहास चांद के करीब आर्टेमिस-2



**नई दिल्ली।** आर्टेमिस-2 का दल चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में पहुंच चुका है। इस मिशन ने पृथ्वी से 4,06,773 किलोमीटर की दूरी तय करके मानव अंतरिक्ष उड़ान का अब तक का सबसे लंबा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह 1970 में अपोलो 13 द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से लगभग 2,500 किलोमीटर अधिक है।

### एसयूवी ने बाइक को मारी टक्कर, दो भाइयों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर-उदयपुरवाटी मार्ग पर सोमवार को एक तेज रफ्तार एसयूवी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल, एसयूवी के नीचे फंस गई और दोनों वाहन आग की चपेट में आ गए। इससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 193 सांसदों द्वारा पेश किए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। सभापति ने प्रस्ताव के सभी पहलुओं का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम की शक्ति का प्रयोग करते हुए इसे अस्वीकार कर दिया। अब मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल सुरक्षित है।

### आईएसआई आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। हथगोलों पर पाकिस्तान आयुध कारखाना के चिह्न हैं।

*एसीबी की वर्ष-2025 में 22 जिलों में ट्रैप कार्रवाई में पकड़े गए 64 दागियों में हर दूसरा राजस्व विभाग का अफसर-कर्मी*

# राजस्व विभाग सबसे ज्यादा भ्रष्ट, रिश्वतखोरी शिक्षा, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग में भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भ्रष्टाचार तथा रिश्वतखोरी के मामले में राजस्व विभाग टॉप पर है। यहां पिछले साल यानी 2025 में 22 जिलों में ईओडब्लू ने सर्वाधिक 60 छापे की कार्रवाई की और 64 घूसखोर अफसर-कर्मी, बाबू से लेकर चपरासी तक को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इनमें हर दूसरा घूसखोर राजस्व विभाग का अफसर-कर्मी है। रिश्वतखोरी में शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी से लेकर जल संसाधन विभाग के इंजीनियर भी पकड़े गए।

अलग खबर

जिन घूसखोरों को ईओडब्लू, एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, उनमें से ज्यादातर पीड़ित राजस्व विभाग के अफसर, कर्मियों को जमीन नामांतरण के साथ जमीन की नाप-जोख अथवा अन्य राजस्व विवाद से बचने रिश्वत दी है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

**दूसरे तथा तीसरे नंबर पर शिक्षा तथा इंजीनियरिंग से जुड़े अफसर-कर्मी शामिल**



### रिश्वत पर एक नजर

- कोरिया – 1– एसआई
- बलरामपुर–रामानुजगंज – 3 – पटवारी
- मनेंद्रगढ़– चिरमिरी भरतपुर – 1 – सब इंजीनियर
- सरगुजा – 4 – विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता, सहायक ग्रेड– 2, पटवारी
- सूरजपुर – 10 – जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, दो सहायक ग्रेड–2, सहायक निरीक्षक, अनुरेखक, दो पटवारी, चपरासी
- कांकेर – 1 – राजस्व निरीक्षक
- कोण्डागांव – 2 – तहसीलदार, लेखापाल
- बस्तर – 2 – कार्यपालन अभियंता, सहायक ग्रेड–3
- सुकमा – 1 – उप अभियंता

▶▶|शेष पेज 6 पर

### इन महत्वपूर्ण सात प्रकरणों की जांच

- लोगों से रिश्वत लेने वाले वाले सरकारी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम भ्रष्टाचार के सात बड़े प्रकरणों की जांच कर रही है, जिसकी सूची इस प्रकार है।
- ऑनलाइन महादेव सट्टा एप – 14 आरोपियों के खिलाफ दो अभियोग पत्र कोर्ट में दाखिल
- शराब घोटाला – शराब घोटाला प्रकरण में जांच एजेंसी वर्ष 2024 तथा 2025 में 51 लोगों के खिलाफ कोर्ट में आठ अभियोग पत्र दाखिल कर चुकी है।
- कोल घोटाला – कोल घोटाला प्रकरण की जांच में वर्ष 2024 तथा 2025 में 20 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार चालान पेश की है।
- डीएमएफ घोटाला – डीएमएफ घोटाले की दो साल जांच के बाद जांच एजेंसी ने नौ आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश की है
- कस्टम मिलिंग घोटाला – कस्टम मिलिंग घोटाले में जांच एजेंसी ने जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ तीन चालान कोर्ट में पेश किए हैं।

▶▶|शेष पेज6 पर

### इनके खिलाफ अनुपातहीन संपत्ति के प्रकरण

ब्यूरो में महत्वपूर्ण पदों में पदस्थ अधिकारियों के विरुद्ध अनुपातहीन संपत्ति के प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं, जिनमें अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारी समीर विश्नोई एवं रानू साहू हैं, भारतीय वनसेवा के एक अधिकारी अशोक कुमार पटेल हैं। ब्यूरो द्वारा आदिम जाति विकास विभाग, जिला बीजापुर के उपायुक्त आनंद सिंह चौहान के विरुद्ध भी आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। ब्यूरो में सौम्या चौरसिया, राप्रसे के विरुद्ध ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मुख्यमंत्री आज दिल्ली में मोदी-शाह के सामने बस्तर के विकास को लेकर देंगे प्रजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को देर शाम दिल्ली रवाना हो गए। वे मंगलवार को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। मुलाकात के दौरान वे नक्सलवाद से मुक्त हुए बस्तर के विकास के संबंध में राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई योजनाओं का प्रजेंटेशन देंगे। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ▶▶|शेष पेज 6 पर



### बस्तर के विकास पर होगी बात

सरकार की प्राथमिकता बस्तर क्षेत्र को तेजी से विकास की मुख्यधारा में लाना है। मुख्यमंत्री अपनी प्रस्तुति में बस्तर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, उद्योगों को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और विकास के बारे में बात रखेंगे।

### सरकार ने बस्तर में बदली तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा, अबूझमाड़ में खत्म हुआ नक्सल प्रभाव, अब बस्तर विकास की ओर बढ़ रहा है। डबल इंजन सरकार ने बस्तर में बदली तस्वीर। नक्सलवाद और बस्तर विकास पर उन्होंने कहा, नक्सलवाद का केवल खात्मा करना ही पर्याप्त नहीं है। बस्तर क्षेत्र चार दशकों से विकास से वंचित रहा है, वहां विकास पहुंचाना जरूरी है। अब 400 से अधिक गांवों में फिर ▶▶|शेष पेज 6 पर

## ट्रंप ने कहा- एक रात में पूरे ईरान को कर सकते हैं बर्बाद

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर अब तक की सबसे डरावनी चेतावनी दी। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास इतनी सैन्य शक्ति है कि वह सिर्फ एक रात में पूरे ईरान को जड़ से मिटा सकता है। उन्होंने कहा, वह रात कल भी हो सकती है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

**डेडलाइन पर ट्रंप की धमकी, कहा- वो रात कल भी हो सकती है**



### पायलट को बचाने के लिए भेजे 155 विमान

राष्ट्रपति ने बताया कि दूसरे पायलट को बचाने के लिए अमेरिका द्वारा चलाए गए अभियान में 155 विमान शामिल थे। ट्रंप ने कहा कि इनमें विशेष रूप से चार बमवर्षक विमान, 64 लड़ाकू विमान, ईंधन भरने वाले 48 टैंकर विमान और 13 बचाव विमान समेत अन्य साधन शामिल थे। राष्ट्रपति ने कहा कि इसमें कई विमान ईरानियों को भ्रमित करने की योजना का हिस्सा थे क्योंकि वे भी लापता चालक दल के सदस्य की तलाश कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि उन्हें लगे कि पायलट किसी दूसरी जगह पर है।

**राज्यसभा कक्ष में शपथ**

## पवार, अठावले समेत 19 नए राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले समेत 19 नए राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को यहां शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन की उपस्थिति में नए सदस्यों ने शपथ ली। इस दौरान राज्यसभा कक्ष में उप सभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू उपस्थित थे। सदन में विभिन्न दलों के नेता भी उपस्थित रहे।

### पश्चिम बंगाल के पांच नए सदस्य

पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रिया बराल (तृणमूल कांग्रेस), बिस्वजीत सिन्हा (भाजपा), मेनका गुरुस्वामी (तृणमूल कांग्रेस), राजीव कुमार (तृणमूल कांग्रेस) और रुक्मिणी मलिक (तृणमूल कांग्रेस) ने शपथ ली। अधिकतर सदस्यों ने अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली।

**विवाह से लौटते वक्त हादसा**

## बारातियों की कार और ट्रक भिड़े, चार युवकों की मौत

एजेंसी ▶▶| इंदौर



इंदौर में विवाह समारोह से लौट रहे बारातियों की कार के भूसे से भरे ट्रक से भिड़ जाने के कारण चार युवकों की मौत हो गई जबकि आठ व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सहायक उप निरीक्षक जगदीश राठौड़ ने बताया कि हादसा इंदौर-नेमावर रोड पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात 01:30 बजे के आस-पास हुआ।

### आक्रोशित भीड़ ने ट्रक को जलाने का किया प्रयास

पुलिस के मुताबिक, ये सभी लोग इंदौर के रहने वाले हैं और एक विवाह समारोह में बाराती के तौर पर शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे। हादसे पर आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगाने का प्रयास किया और पुलिस ने उन्हें समझा कर हालात पर काबू पाया।

**वेदांता को सुप्रीम कोर्ट से झटका**

# अदाणी की जेपी एसोसिएट्स के अधिग्रहण पर रोक से इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के कॉरपोरेट जगत से जुड़ी एक अहम कानूनी लड़ाई में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अदाणी ग्रुप की 14,535 करोड़ रुपए की बोली के जरिए जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के अधिग्रहण पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए जेएएल की निगरानी कर रही मॉनिटरिंग कमेटी को बिना नेशनल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अब आगे क्या?

अब इस पूरे मामले का फैसला एनसीएलएटी में होने वाली सुनवाई पर टिका है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से साफ है कि फिलहाल अदाणी ग्रुप की बोली पर कोई रोक नहीं है, लेकिन अंतिम फैसला अभी बाकी है।



### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इस मामले में सभी पक्ष खासतौर पर वेदांता लिमिटेड और अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपनी दलीलें एनसीएलएटी के सामने रखें। अदालत ने एनसीएलएटी को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करे। एनसीएलएटी इस विवाद पर 10 अप्रैल से अंतिम सुनवाई शुरू करेगा।

### अधिग्रहण की कहानी

जेएएल दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है और इसके अधिग्रहण के लिए कई कंपनियां दौड़ में थीं। अंततः नवंबर में कर्जदाताओं ने अदाणी एंटरप्राइजेज की योजना को मंजूरी दी, जिसे बाद में कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने भी हरी झंडी दे दी। वेदांता ने इस फैसले को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग अपीलें दायर की हैं। इनमें रेजोल्यूशन प्लान की वैधता पर सवाल और सीओसी और एनसीएलटी द्वारा मंजूरी पर आपत्ति जताई है।

## बी.एस-सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सूचना

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा बी.एस-सी. नर्सिंग प्रवेश परीक्षा - 2026 के लिए परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया गया है । अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में जाकर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे :-

1. आनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि - 27-03-2026 ( शुक्रवार )
2. आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 27-04-2026 ( सोमवार ) सायं 5.00 बजे तक

**विद्यार्थियों हेतु दिशा निर्देश :-**

( 1 ) छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में ही प्रवेश ले । ( 2 ) निम्न महाविद्यालयों में संपर्क कर प्रवेश परीक्षा का फार्म भर सकते है ।
( 3 ) प्रवेश परीक्षा हेतु vyapamcg.cgstate.gov.in वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।
( 4 ) शासकीय एवं प्राईवेट नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश हेतु उक्त परीक्षा में शामिल होकर न्यूनतम अर्हता में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### मान्यता प्राप्त प्रमुख महाविद्यालयों की सूची

**दुर्ग संभाग**

1. ग्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग-कवर्धा-कबीरधाम 9479174689
2. छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज, धनौरा, भिलाई,दुर्ग,
3. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रिसाली, भिलाई, 9630465455
4. मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी, दुर्ग, 7222910451
5. वेदांती विद्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट नर्सिंग- बेमेतरा, 9926847049
6. सांदीपनी एकेडमी - अछोटी ( मुरमुंदा ), दुर्ग 9009077222
7. सी.एम. नर्सिंग इंस्टीट्यूट , भिलाई, दुर्ग , 9575932505
8. श्री सी.एम. नर्सिंग कॉलेज, भिलाई, दुर्ग , 9893161544
9. श्री चंद्रा नर्सिंग इंस्टीट्यूट - भिलाई, दुर्ग 9131748332
10. श्रेयस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई, दुर्ग, 9827160373

**बस्तर संभाग**

1. विश्वभारती इंस्टी. ऑफ नर्सिंग, मोखपाल, दंतेवाड़ा 7000482603
2. सूर्या नर्सिंग कॉलेज - जगदलपुर, बस्तर मो : 9340471513

**बिलासपुर संभाग**

1. अपेक्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायगढ़, 9131098086
2. आयुष कॉलेज ऑफ नर्सिंग- लालखदान,बिलासपुर, 9131586102
3. जे.ई.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, फरहदा, बिलासपुर, 8319045634
4. बिलासा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग- बिलासपुर, 7222910434
5. महादेव हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग-बिलासपुर, 8109611675
6. मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बिलासपुर, 9827174705
7. सांदीपनी एकेडमी - पेंडरी ( मस्तूरी ),बिलासपुर, 9009166222
8. होप्स इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग - कोरबा, 9755483584

**रायपुर संभाग**

1. ग्रेसियस कॉलेज ऑफ नर्सिंग - अभनपुर, रायपुर, 9993859948
2. डिपार्टमेन्ट ऑफ नर्सिंग ( आई.टी.एस. ) -गरियाबंद, 9981521776
3. प्रतिभा नर्सिंग कॉलेज, रायपुर, 7587202500
4. बीरेन्द्र दीपक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जामगांव, गरियाबंद, 7898217828
5. रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, रायपुर, 7222910424
6. रामकृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर, 9407704874
7. लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बलौदाबाजार, 9926771643
8. लीलास कॉलेज ऑफ नर्सिंग- न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, 9589263536
9. सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तुमगांव, महासमुंद, 9618355303
10. सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट - महासमुन्द, 7000910019
11. श्री ओंकार कॉलेज ऑफ नर्सिंग - खरोरा, रायपुर, 9981195830
12. श्री नारायणा नर्सिंग इंस्टीट्यूट.,कांदुल, रायपुर, 6263111896
13. श्री रावतपुरा संरकार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, धनेली, रायपुर, 7222910451

**सरगुजा संभाग**

1. अपार इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, बोड़ाछापर, पतराटोली जशपुर, 9907958123
2. मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज, अम्बिकापुर, 9425282222

**उक्त महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध है**

**प्रायवेट नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन, रायपुर, छत्तीसगढ़**

## चिंतन

# रिश्तों को भी प्रभावित कर रही डिजिटल दुनिया

भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य दिवस आज

महेन्द्र तिवारी



# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# डिजिटल युग में भरोसेमंद है अखबार



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक किताब के विमोचन समारोह अवसर पर 'डिजिटल सुनामी के बीच प्रिंट' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता द्वारा परंपरागत मीडिया के सामने डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' के चुनौतियों के बारे में अनेक पहलुओं पर विचार साझा किया गया। व्याख्यान का कुल मिलाकर लब्बोलुआब यही था कि डिजिटल मीडिया की सुनामी और 'एआई' के झंझावात के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अभी भी कायम है। बिलाशक मीडिया विस्फोट के बावजूद अखबार आज भी आम भारतीय परिवारों के दिनचर्या का अहम हिस्सा है। एक दौर वह भी था जब घरों में सुबह की शुरुआत अखबार और चाय की प्याली से होती थी। अखबार के प्रति लोगों में बेकरारी का आलम यह होता था कि यदि तय वक्त में यह न पहुंचे तो लोग दरवाजे पर हॉकर का इंतजार करते थे। उस पीढ़ी में परिवार के लोग अखबार के अलग-अलग पन्नों को बांटकर पढ़ा करते थे और सबके अपने-अपने पसंदीदा पेज हुआ करता था।

गौरतलब है कि प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक सभ्यता के विकास के हर दौर में मनुष्य सूचनाओं के प्रति हमेशा से जिज्ञासु रहा है।मानवीय जिज्ञासा का ही परिणाम है कि संचार माध्यमों का बड़ी तेजी से विकास हुआ है जिससे मीडिया जगत भी अछूता नहीं है। वक्त ने करवट बदली और नयी पीढ़ी अखबार से दूर होते चली गई। इस बदलाव की प्रमुख वजह युवा पीढ़ी की अस्त-व्यस्त दिनचर्या और अखबारों के प्रति उदासीनता के अलावा डिजिटल मीडिया की लत है। आज की पीढ़ी खबरों के लिए सोशल मीडिया खंगालती है भले ही खबरों की सत्यता संदेहास्पद हो। अखबार और डिजिटल मीडिया में यही मूल अंतर है कि समाचार-पत्रों में किसी भी खबर के प्रति मर्यादा और जवाबदेही होती है जबकि डिजिटल मीडिया में इसका सर्वथा अभाव होता है। नयी पीढ़ी को अखबारों से जोड़ने के उद्देश्य से ही उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में वहां के सरकारों ने सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रतिदिन अखबार पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे प्रमुख मंशा छात्रों में पढ़ने की आदत और रूचि को विकसित करना है और यह समाचार पत्रों के माध्यम से ही संभव है। बेशक राज्य सरकारों का यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है क्योंकि इससे छात्रों के स्क्रीन टाइम में भी कमी आएगी जो एक बड़ी चुनौती है।



सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में डिजिटल और सोशल मीडिया के धमक ने सदियों पुराने पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ दिया है। इंटरनेट ने समाचारों की गति और प्रकृति दोनों को बदल दिया है जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तकनीक में नहीं बल्कि खबरों की सत्यता में है। विडंबना है कि आज के 'इंस्टेंट' दौर में पाठक सोशल मीडिया की बिखरी हुई खबरों को सच मान रहा है जो पत्रकारिता के लिए एक त्रासदी है। डिजिटल और सोशल मीडिया ने खबरों की रफ्तार को रॉकेट साइंस की गति दे दी है फलस्वरूप सबसे पहले और सबसे जल्दी की फेर में खबर की सत्यता परखे बिना फर्जी खबरें और विडियो को रिट्वीट या वायरल करने की दिवानगी काफी बढ़ी है।हाल के दिनों में अनेक राजनेताओं और सेलेब्रिटियों के मौत से लेकर सांप्रदायिक दंगों से संबंधित फेक न्यूज और विडियो वायरल होने के मामले प्रकाश में आई है जिससे तनाव बढ़ा था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक शोध में पता चला है कि डिजिटल मीडिया में फर्जी खबरें बड़ी तेजी से फैलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फेक न्यूज 'अधिक नवीन' होता है और यूजर्स भी अपने उतावलेपन में बिना खबर की पुष्टि किए तेजी से रिट्वीट या शेयर करते हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखें तो शोध के नतीजे सौ फीसदी सटीक हैं क्योंकि कोरोना महामारी और युद्ध के दौरान सबसे फर्जी खबरें और वीडियो सोशल मीडिया के जरिए ही फैली है।

बकौल वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुतुल 'डिजिटल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है लेकिन इसमें संपादन की संस्कृति कमजोर हो गई है। डिजिटल मीडिया में संवाद बढ़ा है लेकिन भाषा और तथ्य दोनों असावधान हो गए हैं। उनका मानना है कि डिजिटल मीडिया अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है लेकिन सत्य और असत्य का फासला काफी कम रह गया है।इसके इतर प्रिंट मीडिया में खबरें कई स्तरों से गुजरती है और संपादक का निर्णय अंतिम होता है मतलब साफ है कि इस माध्यम में खबरों की जवाबदेही तय है। अखबारों की इसी जिम्मेदारी के चलते पाठकों का भरोसा आज भी डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया के प्रति अधिक है।मुकम्मल बात यह कि मीडिया जगत में हो रहे तमाम बदलाव के बावजूद डिजिटल मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट भरोसे का है जिसके चलते गंभीर पाठकों का विश्वास अखबारों पर ही है। ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस 'एबीसी' के एक सर्वे के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक पाठकों ने प्रिंट मीडिया को भरोसेमंद बताया है।


गौरतलब है कि भारत में समाचार पत्रों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अखबारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अखबारों के इतिहास पर गौर करें तो दुनिया में अखबारों की शुरुआत 400 साल पहले हुई वहीं भारत में यह 245 साल पुराना है। देश का पहला अंग्रेजी अखबार 1780 में 'द बंगाल गजट ' के नाम से कोलकाता से प्रकाशित हुआ तथा 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इंटरनेट क्रांति से पहले तक अखबार ही समाचार और सूचनाओं के लिए एक सबसे प्रभावी माध्यम हुआ करता था। देश में भारतीय परिवारों के बीच रेडियो , टेलीविजन न्यूज चैनलों की पैठ होने के बावजूद अखबारों की प्रासंगिकता थी क्योंकि समाचार पत्र ही एक ऐसा माध्यम था जो लोगों को स्थानीय से लेकर देश और दुनिया की खबरें देने में कामयाब है।मीडिया जगत में हो रहे बदलाव के मद्देनजर अखबारों ने भी अपने तकनीक को विकसित किया है जिसका परिणाम है कि आज समाचार पत्र भी डिजिटल से लेकर प्रिंट के स्वरूप में पाठकों के सामने है। समाचार पत्रों के बाजार को देखें तो कोरोना महामारी के दौर को छोड़ दें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा समाचार पत्र बाजार है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय अखबार उद्योग का कुल राजस्व 26,000 करोड़ से अधिक था जिसका चालू वर्ष में 30,000 करोड़ रुपए होने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक साल 2030 भारतीय अखबार उद्योग का बाजार 36,000 करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना महामारी ने प्रिंट मीडिया पर खासा असर डाला था फलस्वरूप 2020 में राजस्व प्राप्ति 19,000 करोड़ रुपए की थी।

अलबत्ता अखबार केवल बौद्धिक विकास में ही सहायक नहीं है बल्कि यह बुजुर्गों में होने वाले मानसिक रोग 'अल्जाइमर' के बचाव और नियंत्रण में भी सहायक है। इस दिमागी बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होते जाती है जिससे उसके सोचने - समझने की क्षमता और व्यवहार पर असर पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो अखबारों में प्रकाशित होने वाले शब्द पहेली, सुडोकू और वर्ग पहेली का नियमित अभ्यास अल्जाइमर के बचाव और नियंत्रण में मददगार हो सकता है। दरअसल शब्द पहेली और सुडोकू मस्तिष्क को सक्रिय रखती है तथा याददाश्त में सुधार भी करता है। इन पहेलियों से लोगों में जहां तर्क शक्ति बढ़ती है वहीं इससे मनोरंजन भी होता है जो एकाकीपन और अवसाद से बचाता है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि अखबार केवल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना के लिए ही नहीं बल्कि सेहत और बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। अखबार केवल सूचना और बौद्धिक विकास के माध्यम ही नहीं है बल्कि यह लाखों लोगों के आजीविका का भी साधन है।

बहरहाल भारत में अखबारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है क्योंकि एक दौर में विज्ञापनों पर एकाधिकार सिर्फ अखबारों और पत्रिकाओं का था लेकिन टेलीविजन के विस्तार ने इस एकाधिकार पर तेजी से असर डाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से आगे डिजिटल मीडिया खड़ा है जिसके हिस्से में अच्छा - खासा राजस्व जा रहा है लिहाजा अखबारों के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अलबत्ता आम पाठकों की रूचि गंभीर लेखन और सच को पढ़ने की है इसलिए तमाम चुनौतियों के बावजूद अखबार का अस्तित्व हमेशा रहेगा। यह भी सच है कि जो भरोसेमंद होता है वही टिकाऊ होता है लिहाजा यह भरोसा कायम रखने के लिए अखबारों को भी वर्तमान जरूरत के मुताबिक अपने कलेवर और कंटेंट में बदलाव करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)


## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
**दर्शन**

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
**प्रेरणा**

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युद्ध की आग में झुलसती दुनिया**

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# किम की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की 'सबसे प्रिय' या 'सम्मानित' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। 'नेशनल असेंबली' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग (जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।



## ऑफ बीट

# क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है

हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।



## ट्रेंड

### कार्यकर्ता ही ताकत



भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विज़न देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेची



नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### एलडीएफ-भाजपा में डील



आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं।
**-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

### मोदी कुछ नहीं बोले



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती?
**-ममता बनर्जी,** सीएम पश्चिम बंगाल

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

राज्य में 9 अप्रैल को होना है मतदान

# ‘कांग्रेस ने वही गीत गाया जो पाकिस्तान ने लिखा’ असम में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर बरसे मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के बारपेटा जिले के भबानीपुर-सरभोग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से पड़ोसी देश पाकिस्तान की धुन पर नाचती रही है, जिससे राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ‘ऑपरेशन सिंदूर’ जैसे साहसिक कदम उठाए हैं, वहीं कांग्रेस देशहित को दरकिनार कर रही है। प्रधानमंत्री ने विकास के मोर्चे पर भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है।




### आतंकवाद और सेना के प्रति कांग्रेस का रवैया

प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2025 के ‘ऑपरेशन सिंदूर’ का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के एजेंडे को प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के दौरान कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ‘यह पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है और हम ऐसा कभी नहीं होने दे सकते।’ उन्होंने कांग्रेस पर सेना की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया, जो दशकों तक पूर्व सैनिकों के लिए ‘वन रैंक, वन पेंशन’ को लागू करने से इनकार करती रही।

### असम में शांति और विकास पर भाजपा का जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम में काफी बलिदानों के बाद शांति स्थापित हुई है, जिसका श्रेय पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौतों के कार्यान्वयन में ईमानदारी के प्रयासों को जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा के शासन में विकास को बढ़ावा दिया है और इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है। पिछले 10 वर्षों में एनडीए के शासन में राज्य में शांति और उसकी पहचान की रक्षा की गई है और भविष्य में राज्य को और अधिक समृद्धि मिलेगी और यह वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाएगा।

### हिमंता का पलटवार ‘पाकिस्तानी ग्रुप से गलत जानकारी उठाई’



■ कांग्रेस के आरोपों पर पत्नी ने कराई एफआईआर

असम में 9 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले यहां आरोप और प्रत्यारोप का दौर जारी है। मंगलवार को चुनाव प्रचार रुक जाएगा। ऐसे में कांग्रेस ने सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट हैं। पार्टी ने सरमा की पत्नी पर अमेरिका में कंपनी खोलकर पर पैसे लगाने का भी आरोप लगाया। वहीं, मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस के आरोप को झूठा और फेक बताया है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से पेश किए गए दस्तावेज को फोटोशॉप बताया। इसके साथ ही पूछा कि इसके लिए पाकिस्तानी सोशल मीडिया की मदद क्यों ली। हिमंता ने बताया, कल, मेरी पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

चुनावी सभा में प्रियंका गांधी ने लगाया आरोप

## ‘सत्ता में बने रहने के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच समझौता’

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल के कन्नूर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। प्रियंका ने कहा कि एलडीएफ 10 साल तक सत्ता में बने रहने के लिए अपनी विचारधारा और जिम्मेदारी से समझौता कर रही है। वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी ने पेरावूर में कहा कि एलडीएफ ने उस भाजपा से समझौता किया है जो अल्पसंख्यकों को परेशान करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ईसाई समुदाय और उनकी नन को परेशान करती है, फिर भी एलडीएफ उनके साथ है। प्रियंका ने सबरीमाला में हुई चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर एक शब्द भी नहीं बोला। उनके अनुसार, यह चुप्पी दोनों पार्टियों के बीच समझौते का बड़ा सबूत है।



### केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल

प्रियंका गांधी ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रधानमंत्री के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे सीबीआई, ईडी या इनकम टैक्स के मुकदमों का सामना करना पड़ता है। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के खिलाफ ऐसा एक भी मामला नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीएफ सरकार, उसके मंत्रियों और नेताओं में अहंकार आ गया है। उनमें जनता के प्रति जवाबदेही और जिम्मेदारी की भावना अब खत्म हो गई है।

तमिलनाडु चुनाव में बड़ा बदलाव

## किसी भी बड़े दल ने नहीं उतारा ब्राह्मण उम्मीदवार




तमिलनाडु की सियासत में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर न सिर्फ डीएमके और कांग्रेस बल्कि एआईएडीएमके और भाजपा तक ने किसी ब्राह्मण को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है। करीब साढ़े तीन दशक में पहली बार ऐसा हो रहा है जब अन्नाद्रमुक ने किसी ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया है। द्रविड़ आंदोलन के चलते साउथ के इस राज्य में ब्राह्मण राजनीति हाशिए पर चली गई है।

### सियासत बनी मजबूरी

बता दें कि तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों में इंडिया गठबंधन में डीएमके 164 और कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन दोनों में किसी ने भी ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया। इसके अलावा उनके सहयोगी लेफ्ट, वीसीके और मुस्लिम लीग ने भी किसी ब्राह्मण पर भरोसा नहीं किया है। एनडीए गठबंधन में एआईएडीएमके 178 सीटों पर बीजेपी 27 और पीएमके 18 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, लेकिन एक भी सीट पर ब्राह्मण उम्मीदवार नहीं उतारा गया है। बीजेपी ने अपने कोटे की 27 विधानसभा सीटों में से किसी भी सीट पर ब्राह्मण प्रत्याशी घोषित नहीं किया। दिलचस्प बात ये है कि तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ब्राह्मण समाज से रही हैं, लेकिन उनके निधन के करीब 10 साल बाद भी उनकी पार्टी ने किसी भी ब्राह्मण को मैदान में नहीं उतारा।

## बंगाल | पाक की धमकी पर पीएम की चुप्पी, ममता ने मांगा इस्तीफा

**बेथुयाडहरी (पश्चिम बंगाल)।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सवाल किया कि पाकिस्तान द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी दिए जाने का मुद्दा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दिन पहले इस राज्य में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान क्यों नहीं उठाया। बनर्जी ने नदिया जिले में एक चुनावी रैली में कहा, ‘आप (प्रधानमंत्री) चुनावी रैलियों में बंगाल को निशाना बनाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तान बंगाल पर हमले की बात करता है, तो आप एक शब्द भी नहीं कहते। आपको इस्तीफा दे देना चाहिए।’



उन्होंने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में मोदी द्वारा एक चुनावी रैली को संबोधित किए जाने के एक दिन बाद कहा, ‘प्रधानमंत्री ने बंगाल में अपनी रैली के दौरान इस मुद्दे को क्यों नहीं उठाया? जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री कहते हैं कि वे कोलकाता पर हमला करेंगे, तो प्रधानमंत्री ने यह क्यों नहीं कहा कि ‘हम कड़ी कार्रवाई करेंगे’?’ मुख्यमंत्री ने कहा, ‘जैसे हम देश पर किसी भी खतरे को स्वीकार नहीं करते, वैसे ही हम कोलकाता को दी गई धमकी को भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।’

**यह दी थी धमकी**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को भारत को चेतावनी दी थी कि वह ‘भविष्य में किसी भी प्रकार के दुस्साहस की कोशिश’ का जवाब कोलकाता पर हमले के रूप में देंगे। आसिफ ने अपने गृहनगर सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था, ‘अगर भारत इस बार हमें जिम्मेदार ठहरा कर कोई (सैन्य) ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम कोलकाता तक निशाना साधेंगे।’

## पुडुचेरी | पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा, 30 हजार नौकरियों का वादा

### राहुल ने की चुनावी सभा

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के लॉस्पेट में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, बीजेपी ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वादा किया था, लेकिन उसने दिया नहीं. हम पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राहुल गांधी ने कहा- पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने का मुद्दा कांग्रेस का हमेशा से रहा है। पुडुचेरी में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा- हम बेरोजगार युवाओं को 2000 रुपये महीने की मदद देने जा रहे हैं। हम प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में 30000 नई नौकरियां देने जा रहे हैं। महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा का वादा करते हुए राहुल ने कहा- मैं कई औरतों को यहां देख रहा हूं और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आप बसों में मुफ्त में सफर करने जा रही हैं।



### भाजपा पुडुचेरी को अदाणी के पास बेचना चाहती है

राहुल गांधी ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- भाजपा रिमोट कंट्रोल से राज्य चलाती है। क्षेत्रीय नेताओं को दरकिनार कर दिया गया है। सैकड़ों फैक्ट्रियां अब बंद हो चुकी हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा – भाजपा चाहती है कि पुडुचेरी अदाणी का हो जाए। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कराईकल बंदरगाह पहले ही उन्हें बेचा जा चुका है। राहुल ने बीजेपी पर मंदिर पर कब्जा करने और भगवान से चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- राज्य में कानून-व्यवस्था खराब हो रही है और लोग रात में बाहर निकलने से डरते हैं।

## रेस्टोरेंट से टकराया विमान, हादसे में दंपति समेत 4 लोगों की मौत




एजेंसी ▶▶| साओ पाउलो

ब्राजील में एक छोटा विमान रेस्टोरेंट पर गिर गया जिससे हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में हुआ। हादसा तब हुआ जब एक पाइपर मालिबू विमान साओ पाउलो से उड़ान भरकर कापाओ दा कनोआ एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। लैंडिंग से ठीक पहले विमान एक खंभे से टकरा गया और फिर एक रेस्टोरेंट में जा गिरा, जिससे उसमें आग लग गई। इस हादसे में पायलट और तीन यात्रियों की मौत हो गई, जिनमें एक दंपति भी शामिल था। राहत की बात यह रही कि जिस समय विमान रेस्टोरेंट से टकराया, वह बंद था, इसलिए जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए।

### रेस्टोरेंट में लगी आग

हादसे के बाद रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को सिविल डिफेंस टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। पास की एक दुकान को भी नुकसान पहुंचा है। राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइटे ने कहा कि वे शुरू से ही स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सभी सुरक्षा एजेंसियों को तैनात कर दिया गया है।

### ऐसे हुई दुर्घटना

हालांकि, अधिकारियों ने अभी दुर्घटना का कारण नहीं बताया है। ब्राजील के विमानन दुर्घटना जांच केंद्र के प्रमुख सेनिपा ने कहा कि विमान का तथाकथित ‘ब्लैक बॉक्स’, जिसमें ध्वनि रिकॉर्डिंग और उड़ान डेटा शामिल है, घटनास्थल से बरामद कर लिया गया है। दुर्घटना के वीडियो में मौसम साफ दिखाया गया है, और क्षेत्र में हल्की बारिश और 10 किमी प्रति घंटे (6 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवा चलने का पूर्वानुमान है।

ओबीसी आरक्षण पर हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## ‘पति की कमाई क्रीमी लेयर का आधार नहीं’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओबीसी क्रीमी लेयर पर हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि किसी महिला अभ्यर्थी की क्रीमी लेयर स्थिति तय करने में उसके पति की आय को आधार नहीं माना जाएगा। इसे महिलाओं के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने ओबीसी क्रीमी लेयर से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी महिला अभ्यर्थी की क्रीमी लेयर स्थिति तय करने में उसके पति की आय को आधार नहीं माना जाएगा, बल्कि महिला उम्मीदवार के माता-पिता की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के आधार पर इसका निर्धारण किया जाएगा।



### यह है मामला

बता दें कि सुनीता यादव ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका दायर कर गरिमा राठौर की नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि गरिमा के पति सिविल जज हैं और उनके परिवार की आय निर्धारित सीमा से अधिक है, इसलिए वह क्रीमी लेयर में आती हैं और ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं ले सकतीं।

### फैसले का मतलब

इस फैसले का मतलब है कि महिला उम्मीदवारों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण उनके माता-पिता की आय और सामाजिक स्थिति के आधार पर होगा, न कि उनके पति या उनकी अपनी आय से। यह फैसला ओबीसी आरक्षण के लाभों को महिला उम्मीदवारों के लिए अधिक सुलभ बनाने में मदद कर सकता है।

## अरुणाचल सीएम घिरे, सरकारी ठेकों की जांच करेगी सीबीआई

*सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने परिवार से जुड़ी कंपनियों को सरकारी ठेके देने के आरोपों में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, दो हफ्ते में सीबीआई प्रारंभिक जांच रजिस्टर्ड करे. सुप्रीम कोर्ट ने पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी कंपनियों को सरकारी ठेके देने के मामले में सीबीआई या एसआईटी जांच की मांग वाली याचिका पर बीती 17 फरवरी 2026 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने ये आदेश दिए। सेव मोन रीजन फेडरेशन नाम की एनजीओ ने ये याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़े लोगों की कंपनियों को सरकारी ठेके कथित तौर पर नियमों को दरकिनार कर और ऊंची दरों पर दिए गए।



### यह कहा सुको ने

*सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि सीबीआई नवंबर 2015 से 2025 तक के बीच हुए टेंडर और कॉन्ट्रैक्ट्स के आवंटन और उनके अमल में लाए जाने की प्रोसेस की जांच करेगी। इसके तहत खासतौर पर उन ठेकों को भी खंगाला जाएगा, जिनका जिक्र याचिका में है। सीबीआई को निर्देश दिया गया है कि वह 16 सप्ताह के भीतर अपनी प्रारंभिक जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल करे। इस रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि मामले में आगे नियमित जांच की जरूरत है या नहीं।*

### जांच एजेंसी को दिए गए ये आदेश

जांच एजेंसी को फ्लो ऑफ पेमेंट्स, टेंडर प्रोसेस, और डीलिंग से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करने के लिए कहा गया है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सीबीआई केवल इसी टाइम पीरियड तक सीमित नहीं रहेगी। अगर जांच के दौरान जरूरी समझा जाए तो एजेंसी इससे पहले या बाद के सौदों और लेन-देन की भी जांच कर सकती है। यानी जांच का दायरा व्यापक रखा गया है ताकि किसी भी संभावित अनियमितता को नजरअंदाज न किया जाए।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर बार्डर सिक्योरिटी फोर्स का नया प्लान

# अब सांप और मगरमच्छ सुरक्षा में देंगे जवानों का साथ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल का सीमावर्ती इलाका लंबे समय से घुसपैठ के लिहाज से संवेदनशील माना जाता रहा है, जहां नदी और दलदली क्षेत्रों के कारण सुरक्षा चुनौती बनी रहती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए बार्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) लगातार नए और प्रभावी तरीकों पर काम कर रही है ताकि सीमा को और ज्यादा सुरक्षित बनाया जा सके. इसी कड़ी में अब एक नया और अलग तरह का प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसका मकसद घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाना है। पश्चिम बंगाल का इलाका यहां से हमेशा घुसपैठ या फिर घुसपैठ की कोसिस होते रहती है, अब एक नया प्लान बीएसएफ यानी बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स ने तैयार किया हैं।

लगभग 5 हजार किलोमीटर लंबी सीमा है यह | अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी के जरिये होती है अभी सुरक्षा



### यह है योजना

बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि विशेष करके इंडो- बांग्ला बॉर्डर पर विशेष सतर्कता के लिये इस तरह की सुरक्षा का विचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक सबसे ज्यादा घुसपैठ की संभावना ,फेनी नदी,इच्छामती नदीः गंगा/पद्मा नदी, मुहुरी नदी से होती है, कियोकि इन नदियों का आधा भाग भारत मे तो आधा भाग बांग्लादेश में बहता है। आपको बता दें कि फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, अभी इसकी योजना तैयार की जा रही है। इसी प्लान के तहत इलाको की पहचान कराई जा रही है जहाँ पर जहरीले सांप,बिछु और मगरमच्छ को बॉर्डर पर रखा जाएगा। बता दें, वर्तमान में बीएसएफ सीमा पर नफरी करने के साथ ही सुरक्षा के लिए ड्रोन, सेंसर, इंफ्रारेड कैमरे और कई तरह के अपग्रेडेड टेक्नोलॉजी का सहारा ले रही है।

### यह है मुश्किलें

भारत और बांग्लादेश की सीमा लगभग 5 हजार किलोमीटर की है और इतनी लंबी सीमा पर बाड़ लगाना संभव नहीं है, इसलिए इस तरह के विचार किए जा रहे हैं कि सीमा पर जहरीले साँप, बिच्छू और मगरमच्छ रखे जाएं। लगभग 5 हजार किलोमीटर की भारत-बांग्लादेश सीमा में से करीब 180 किलोमीटर का इलाका नदी और दलदली है, जहां बाड़ लगाना बहुत मुश्किल है। यही वजह है कि दलदली इलाके का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिशें होती रहती हैं। हालांकि बीएसएफ इन्हें रोकने में सफल रहती है, लेकिन सावधानी के तौर पर इस प्लान को लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश का मामला

## प्रवासी बच्ची पीटने वाले फौजी ने मांगी माफी

एजेंसी ▶▶| शिमला

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के बहडाला में 6 साल की प्रवासी बच्ची को बांधकर पीटने देने के मामले में आरोपी पूर्व सैनिक विजय कुमार ने माफी मांगी है। आरोपी मान रहा है कि उसने बच्ची को बांधा था और आइंदा ऐसी गलती नहीं होगी। वह कहता है कि घटना के वक्त दिमाग ने काम नहीं किया, लेट काम किया। वहीं ऊना पुलिस आरोपी विजय कुमार से पूछताछ कर रही है। बीती कल भी आरोपी को हिरासत में लेकर लंबी पूछताछ की गई। आज फिर से थाने बुलाया है। कुछ देर में आरोपी को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्लूसी) के समक्ष भी पेश होना है। सीडब्लूसी भी आरोपी से पूछताछ करेगी, क्योंकि बच्ची नाबालिग है।

### घर की रैलिंग में बांधकर की थी पिटाई

बता दें कि पूर्व सैनिक ने अमरूद चुराने के आरोपों के बाद बच्ची को घर की रैलिंग में बांधकर पीटा था। इससे जुड़ा वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### कैप्टन को देखकर बोली बच्ची - ‘अंकल बचा लो’

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्ची चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी ने उसे नहीं छोड़ा। इस बीच मर्चेंट नेवी के कैप्टन रोहित जसवाल को बच्ची के चिल्लाने की आवाज आई, तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने बच्ची को छुड़वाया। कैप्टन को देख बच्ची कहती है, ‘अंकल बचा लो, अंकल बचा लो’।

# देश के 1688 रईसजादों के पास है 50 प्रतिशत जीडीपी के बराबर दौलत



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक नई रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के अनुसार, भारत में सिर्फ 1,688 अमीर लोगों के पास लगभग 166 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है, जो कुल जीडीपी का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा बनती है।

देश में पैसों को लेकर इस असमानता पर बड़ी बात कही गई है। रिपोर्ट में इशारा किया गया है कि मौजूदा हालात किसी हद तक औपनिवेशिक समय वाली असमानता की याद दिला रहे हैं। रिपोर्ट में इस स्थिति को संतुलित करने के लिए सुझाव भी दिए गए है।

## अमीरों पर टैक्स से बढ़ सकती है सरकार की कमाई

रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि बेहद अमीर लोगों पर प्रोग्रेसिव वेल्थ टैक्स लागू करने से सरकार की इनकम में बड़ा इजाफा हो सकता है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के मुताबिक, 1,688 सबसे धनी परिवारों पर 2 से 6 प्रतिशत तक का टैक्स और साथ में एक-तिहाई इनहेरिटेंस टैक्स लगाया जाए, तो हर साल करीब 10.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। इन पैसों का उपयोग सामाजिक योजनाओं पर किया जा सकता है। जिससे गरीब परिवारों तक पहले की तुलना में ज्यादा मदद पहुंचेगी। जिससे दोनों वर्गों के बीच असमानता को कम करने में मदद मिलेगी। *बीते कुछ सालों में देश के सबसे अमीर परिवारों की दौलत में तेज उछाल देखने को मिला है। मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, सावित्री जिंदल, सुनील मित्तल और शिव नादर जैसे बड़े नामों की कुल संपत्ति 2019 से 2025 के बीच करीब 400 प्रतिशत तक बढ़ गई है।*

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्र 448व.ले.लि./2026-27/जशपुर दिनांक 01.04.2026

इस संभागीय कार्यालय के निविदा सूचना क. 11/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 05.02.2026 (प्रथम आंमत्रण) निविदा सिस्टम क्रमांक 185130 (जी- 252606518) द्वारा डोड़की व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य राशि रू. 1159.19 लाख हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया था जिसमें तकनीकी प्रावधान छुटने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

सहपत्र :- शून्य।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जशपुर (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग अंबिकापुर (छ.ग.)

जी. 262700059/4

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email- sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 20.04.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 188279 | ग्राम चिपरेल से साल्हेभाट मार्ग लंबाई 2.30 किमी (बचत कार्य) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 104.13 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https:// eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**नोट:- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य**

**(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)**

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 20.04.2026 है।**

नोट :- द्वितीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर मण्डल कांकेर

जी. 262700056/4

अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा

# जरूरी वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, स्थिति पर नजर: सरकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि जरूरी वस्तुओं की कीमतों में फिलहाल कोई 'असामान्य उतार-चढ़ाव' नहीं देखा गया है और देशभर के थोक एवं खुदरा बाजारों में कीमतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

राज्यों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग रोजाना 528 केंद्रों से 40 वस्तुओं के दाम के बारे में सूचना जुटाता है और इन्हें एक मोबाइल ऐप पर अद्यतन किया जाता है।

## जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के प्रयास

मिश्रा ने कहा, /"अब तक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है।/" उन्होंने कहा कि कीमतों पर नजर रखने के साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

- देशभर के थोक व खुदरा कीमतों पर लगातार नजर
- आवश्यक वस्तुओं की मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई के आदेश

## गेहूं का 222 और चावल का 380 लाख टन भंडार

शिकायतों की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। इस मौके पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने कहा कि सरकार के पास मौजूद गेहूं और चावल का बफर स्टॉक निर्धारित मानकों से लगभग तीन गुना है। उन्होंने कहा, ''वर्तमान में लगभग 222 लाख टन गेहूं और 380 लाख टन चावल का भंडार उपलब्ध है, जो पीडीएस और आकस्मिक जरूरतों के लिए पर्याप्त है।''





## प्याज का बफर स्टॉक बनाने खरीदी शुरू



सरकार ने प्याज का बफर स्टॉक बनाने के लिए खरीद भी शुरू कर दी है जिससे कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा), 1955 के तहत राज्यों के पास जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार हैं और केंद्र सरकार इस संबंध में लगातार राज्यों के संपर्क में है।

## दालों का करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक

दालों के बारे में मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष उत्पादन पिछले साल से अधिक रहने का अनुमान है और सरकार के पास करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक है। तुअर (अरहर) और उड़द के आयात को मार्च, 2027 तक 'मुक्त श्रेणी' में रखा गया है। प्याज, आलू और टमाटर के संबंध में उन्होंने कहा कि इनकी पैदावार पिछले साल के लगभग बराबर है और आपूर्ति पक्ष में कोई बाधा नहीं है।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर के ईवी बिक्री में इजाफा...

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की वित्त वर्ष 2025-26 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री 66 प्रतिशत बढ़कर 62,591 इकाई हो गई। यह वित्त वर्ष 2024-25 में 37,730 इकाई थी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि मार्च में उसने 6,528 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत अधिक है। इसमें एमजी विंडसर का सबसे अधिक योगदान रहा जिसकी बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत अधिक रही..''



एमजी विंडसर भारत में सबसे अधिक बिकने वाली ईवी बनी हुई है। बयान के अनुसार, विंडसर की 70 प्रतिशत बिक्री गैर-महानगर शहरों में दर्ज की गई जो छोटे शहरों में इसकी मजबूत मांग का संकेत देती है। साथ ही यह इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बदलते रुख को भी दर्शाता है।

**भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग**
**कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) छत्तीसगढ़, रायपुर**

No./AU/GS/2026-27/F-1(1)/D-02
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT) CHHATTISGARH, RAIPUR

दिनांक/Date 06/04/2026

Office of the Accountant General (Audit), Chhattisgarh, Raipur has floating three tender for outsourcing staff on GeM portal, details as follows:-
1. GeM bid no. for Watch and ward services is "GeM/2026/B/7400699".
2. GeM bid no. for Housekeeping services is "GeM/2026/7400748".
3. GeM bid no. for MTS/Canteen staff/DEOs/Driver/Guest house staff is "GeM/2026/B/7401358".
Interested bidders may submit their bid on GeM Portal. Details of above bid is available on GeM Portal.

**पोस्ट - विधान सभा, जीरो पॉइंट, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492005**
Post- Vidhan Sabha, Zero Point, Raipur, Chhattisgarh 492005
फोन/Phone : 0771-2281401 फैक्स/Fax : 2582505
ईमेल/Email : agauchhattisgarh@cag.gov.in

S.- 47402

# डॉलर के कमजोर होने से चांदी 5,000 रुपए चढ़ी सोना 2,300 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- चांदी बढ़कर 2.42 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना उछलकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये, या 2.11 प्रतिशत बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,300 रुपये, या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद कीमतें घटने पर होने वाली लिवाली के कारण सर्राफा की कीमतों में सुधार आया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोमवार को सोने की कीमतों में सुधार आया, क्योंकि व्यापारियों ने सस्ते में लिवाली बढ़ा दी, इसे डॉलर में आई नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि कीमती धातुओं के पश्चिम एशिया में होने वाले भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील बने रहने की उम्मीद है, जो घरेलू बाजारों में बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा)**
**जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक /9022/आवि/निर्माण / न.क्र.-/ 2025-26 रायगढ़, दिनांक 27/3/2026

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले के अन्तर्गत संचालित निम्नलिखित कार्य नवीन **ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 09.04.2026 तक** निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | लागत (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 188134 | प्री.मै आदिवासी कन्या छात्रावास खड़गांव विकास खंड धरमजयगढ़ भवन निर्माण कार्य। | 152.97 |
| 2 | 188135 | प्री.मै आदिवासी बालक छात्रावास मुकडेगा विकास खंड लैलूंगा भवन निर्माण कार्य। | 152.97 |
| 3 | 188138 | आदिवासी कन्या आश्रम सोनाजोरी विकास खंड लैलूंगा भवन निर्माण कार्य। | 162.76 |
| 4 | 188137 | आदिवासी कन्या आश्रम पुरूंगा विकास खंड धरमजयगढ़ भिवन निर्माण कार्य। | 162.76 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Portal : http://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

जी. 262700031/5

**कार्यालय अधिष्ठाता भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति, चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगॉव (छ.ग.)**
Office Phone: 07744-296105,
Website: abvmgmcrajnandgaon.ac.in
Email: gmc.rjn@gmail.com

क्रमांक/1980 / चिकि./स्था./2026
राजनांदगाँव, दिनांक 27/03/2026

**संविदा भर्ती सूचना**

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षकों/ चिकित्सकों के वर्तमान में रिक्त पदों पर छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में उल्लेखित शर्तो के अधीन संविदा आधार पर भर्ती किये जाने हेतु अप्रेल माह के द्वितीय एवं चतुर्थ बुधवार को एवं अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) में ₹वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जाना है! उक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के वेबसाईट abvmgmcrajnandgaon.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

अधिष्ठाता
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

जी. 262700033/2

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# यूको बैंक के ऋण में 19 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी। इस अवधि में बैंक के कम लागत वाले चालू और बचत खाते (कासा) का अनुपात बढ़कर 38.48 प्रतिशत हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में

**पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

क्र.231/विकास / निसू. /2026 रायपुर, दिनांक 06/04/2026

**Tender for Supply of Equipment's/instruments, chemicals, glassware/ labware/plasticwares, ultrapure gases and other laboratory accessories on rate contract basis.**

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विकताओं से Equipment's/instruments, chemicals, glassware/labware /plasticwares, ultrapure gases and other laboratory accessories सामग्री कय करने के लिये Rate Contract हेतु सीलबंद लिफाफे में रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट/पी.एंड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म विकास विभाग से रु.1000.00 (एक हजार मात्र) रूपये की रसीद जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट से प्राप्त निविदा प्रपत्र रु.1000.00 का बैंक ड्राफ्ट Registrar, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur के नाम से संलग्न करने पर ही मान्य होगा।
निविदा बिक्री की अंतिम तिथि-24/04/2026 को सायं 05:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-27/04/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि-27/04/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे
निविदा खुलने का स्थान-कुलपति सचिवालय सभागार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
**टीप**-निविदा का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के Website:-www.prsu.ac.in पर देखा जा सकता है।

संवाद-47407 कुलसचिव

**कार्यालय नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**Email id - cmowadrafnagar@rediffmail.com**

क्रमांक/256,257,258/लो.नि.वि./न.पं./2026 वाड्रफनगर, दिनांक 30/03/2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

BID SUBMISSION START DATE :- 30-03-2026 TIME-17:30
BID DUE DATE :- 20-04-2026 TIME - 17:30
PHYSICAL SUBMISSION DATE :- 23-04-2026 TIME-16:00
BID OPEN DATE :- 23-04-2026 TIME - 17:00

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lacs) | Earnest Money Deposit | Time Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 188163 | Minor repairing & construction work at ward 01 to 15 (PWD BUILDING SOR 2015). (1st Call) | Rs. 20.00 | Rs. 15000/- | FINANCIAL YEAR 2026-27 |
| 2 | 188167 | Minor repairing & construction work at ward 01 to 15 (PWD ROAD SOR 2025). (1st Call) | Rs. 20.00 | Rs. 15000/- | FINANCIAL YEAR 2026-27 |
| 3 | 188174 | Minor repairing & Extension of pipe line work & drilling of bore work at ward 01 to 15 (CG PHE SOR 2020) 1st Call | Rs. 30.00 | Rs. 22500/- | FINANCIAL YEAR 2026-27 |


उपरोक्त क्रार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

स्वच्छ भारत - स्वस्थ्य भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

संवाद- 47406

## शब्द पहेली - 6188



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 6187 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | या | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | ब | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | रा | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ग्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | या | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल- 6198

✶✶✶✶☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# कुमेली रेस्ट हाउस में जमा जुए का फड़ : थाना प्रभारी और आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



कुमेली रेस्ट हाउस में खुले आम लाखों रूपए का जुआ खेलने के मामले में एसएसपी ने कड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्र में चल रहे इतने बड़े जुआ फड़ की जानकारी नहीं होने अथवा संलिप्तता की संभावनाओं को देखते हुए लापरवाही पर रामानुजनगर थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है।

■ वायरल वीडियो के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई, जांच में जुटी पुलिस

इसके साथ ही मौके पर एक चालक आरक्षक के भी जुआ खेलने की पुष्टि हुई है जिसके बाद आरक्षक को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से एसएसपी ने कड़ा सन्देश दिया है कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त रहने और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को अब किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा।

बता दें कि 5-6 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में लोग फड़ लगाकर जुआ खेल रहे थे। फड़ में लाखों रूपए का दांव एक बार में लगाया जा रहा था। वायरल वीडियो सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र के कुमेली रेस्ट हाउस का बताया गया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने कड़ी जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस जांच में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक़ वायरल वीडियो कुमेली रेस्ट हाउस का ही है लेकिन दिसम्बर जनवरी माह का वीडियो होने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही उक्त वीडियो में आरक्षक चालक क्रमांक 454 भी जुआ खेलते हुए नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार आरक्षक पंकज सिंह के खिलाफ जुआ खेलने की पूर्व में भी कई शिकायतें रह चुकी है। ऐसे में एसएसपी श्री ठाकुर ने आरक्षक पंकज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इसके साथ ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई थाना प्रभारी के उपर भी की गई है। क्षेत्र में बेखौफ जुआ खेलने और लाखों का दांव लगने पर एसएसपी श्री ठाकुर ने रामानुजनगर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा पर कार्रवाई की। आदेश में लिखा गया है कि कुमेली क्षेत्र में वृहद पैमाने पर जुआ खेले जाने से थाना प्रभारी की संलिप्तता अथवा लापरवाही प्रतीत होती है। अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा पाने, थाना क्षेत्र में नियंत्रण नहीं रखने के कारण एसएसपी ने थाना प्रभारी अलरिक लकडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है और मामले की जांच चल रही है।

### की गई है कार्रवाई

वायरल वीडियों की जांच के बाद कार्रवाई की गई है। चालक आरक्षक के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें थी। क्षेत्र में जुआ खेले जाने और थाना प्रभारी को जानकारी नहीं होना बड़ी लापरवाही है। इसलिए दोनों को निलंबित किया गया है। जिले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर



गांव में तैनात पुलिसबल, इनसेट में जल कर खाक ऑटो।

# फार्म हाउस में मारपीट के बाद भड़का आक्रोश, ऑटो, गुमटी में लगाईं आग

**अंबिकापुर/धौरपुर।** लुंड्रा क्षेत्र के डूमरडीह में दो वाहनों के बीच मामूली टक्कर के बाद फार्म हाउस में घुसकर युवक की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गांव में रैली निकाली और फिर कुछ ऑटो, गुमटी में आज लगा दी। मारपीट, आगजनी के बाद क्षेत्र में रविवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है इसके साथ ही रात भर कलेक्टर, एसपी भी क्षेत्र में ही मौजूद रहे।

■ गांव में तैनात किया गया पुलिस बल, रातभर क्षेत्र में मौजूद रहे कलेक्टर, एसएसपी

बताया जा रहा है कि 2 अप्रैल धौरपुर के रोहितेश्वर प्रताप सिंह अपने घर से ककनी स्थित फार्म हाउस जा रहा था। रास्ते में नाले के पास डूमरडीह के कादिर खान की ऑटो से उसकी कार की मामूली टक्कर हो गई। इसके बाद कादिर खान फार्म हाउस पहुंचा और रोहितेश्वर से गाली गलौज की और फिर लौट आया। फार्म हाउस में विवाद के बाद रोहितेश्वर ग्राम रवई होकर डूमरडीह हाईस्कूल के पास पहुंचा। तभी कादिर खान ने उसकी कार रोक ली। मौके पर कुछ और लोग भी आ गए। स्थिति बिगड़ने से पहले रोहितेश्वर ने अपनी कार घुमाकर जाने की कोशिश की, लेकिन कार कादिर खान के ऑटो से टकरा गई। इससे कार और ऑटो दोनों को नुकसान हुआ। इसके बाद रोहितेश्वर अपने फार्म हाउस, ग्राम ककनी लौट आया। कुछ देर बाद कादिर खान अपने साथियों मोहम्मद खान, हयात खान, अल्ताफ खान, फरहान खान और अन्य लोगों के साथ फार्म हाउस में घुस गया। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए रोहितेश्वर से मारपीट शुरू कर दी। फार्म हाउस के कर्मचारी बीच-बचाव करने लगे तो सभी वहां से भाग गए। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने डूमरडीह में छापेमारी कर सभी पांच नामजद आरोपियों डूमरडीह निवासी 40 वर्षीय कादिर खान आ. स्व. उमर खान, 26 वर्षीय फरहान खान आ. हकीम खान, 40 वर्षीय अल्ताफ खान आ. स्व. उमर खान, 42 वर्षीय हयात खान आ. स्व. उमर खान व 30 वर्षीय मोहम्मद खान आ. उमर खान को बीएनएस की धारा126 (2), 191(1), 333, 296, 351 (3), 115(2), 324 (2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### स्थिति नियंत्रण में

दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मारपीट करने के मामले में शिकायत पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही आगजनी करने वाले दूसरे पक्ष के खिलाफ भी अपराध दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात फिलहाल नियंत्रण में है और एहतियातन पुलिस बल को क्षेत्र में तैनात किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच चल रही है।

-राजेश अग्रवाल एसएसपी सरगुजा

### रैली निकालकर की आगजनी की घटना



इधर दो पक्षों के बीच के विवाद के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और गांव में रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने एक व्यक्ति के ऑटो और गुमटी में आग लगा दी। एक बस में भी तोड़फोड़ की गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति तनाव पूर्ण हो गई जिसके बाद कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही आला अधिकारी गांव में पहुंचे और भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। कलेक्टर एसपी रातभर गांव में डटे रहे और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में बीएनएस की धारा 190, 191(2), 299, 326(एफ), 326(जी) के तहत अपराध दर्ज कर दूसरे पक्ष से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गांव में विशेष बल को तैनात किया गया है जिससे स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बनी हुई है।

## सकालो जंगल में दम्पति व बेटे की मौत, ऑटो सवार दोस्तों को पिकअप ने मारी टक्कर

# 24 घंटे के भीतर चार सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



सरगुजा में रविवार और सोमवार का दिन हादसों के नाम रहा। पिछले 24 घंटे के अंदर हुई चार भीषण सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई। एनएच 130 पर स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत के बाद मणिपुर थाना के समीप पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। इसके साथ ही शहर से लगे सकालो जंगल में ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और पुत्र की मौत हो गई। वहीं सोमवार की देर शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। इन हादसों के बाद कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस सभी घटनाओं की जांच कर रही है।

बता दें कि रविवार की देर शाम एनएच 130 पर भिट्ठी कला में बाजार के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से पैदल चल रही तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। इसके साथ ही बीती रात 10 बजे ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिलासपुर चौक मठपारा निवासी विशाल हलवाई आ. सुदामा साव की ऑटो है। रविवार की रात विशाल अपने दोस्त 20 वर्षीय बादल नगेसिया आ. अनिल नगेसिया के साथ ऑटो से सवारी छोड़ने के लिए बिलासपुर रोड में गया हुआ था। सवार छोड़कर वापस लौटते समय मणिपुर थाना के समीप ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्व वाहन चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक ऑटो में ही फंस गये थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो को सीधा कर फंसे हुए युवकों को बाहर निकाला लेकिन इस हादसे में बादल नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि विशाल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**ट्रक की टक्कर से पति पत्नी और बेटे की मौत:** सड़क हादसे के सिलसिले में सोमवार को शहर से लगे सकालो जंगल में दम्पति और पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजपुर दौरा निवासी 25 वर्षीय राहुल टोप्पो और उसके साथी सोनू केरकेट्टा को एसईसीएल में जमीन के एवज में कोरबा में नौकरी मिली है। दोनों युवक कोरबा में रहकर एसईसीएल में काम करते है। एक सप्ताह पूर्व राहुल के माता-पिता उससे मिलने के लिए कोरबा गए हुए थे और उसके बाद सभी वापस लौट रहे थे। इस दौरान कार को सोनू केरकेट्टा चला रहा था। सुबह 5 बजे के करीब जब कार सवार लोग शहर से लगे गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सकालो पहुंचे तो प्रतापपुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में परिवार के सदस्य वाहन में ही फंस गये। भीषण सड़क हादसे में राजपुर दौरा निवासी 52 वर्षीय केईलाराम टोप्पो, 50 वर्षीया मानीमती टोप्पो और उसके पुत्र 25 वर्षीय राहुल टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई।

### बाइक सवार युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

सोमवार की शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि देर शाम पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मृतक व घायल को उठाकर अस्पताल भेजा। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका है लेकिन तेज रफ्तार के कारण हादसा होने की बात कही जा रही है। वहीं मृतक की पहचान हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे है।



### सड़क दुर्घटना में प्रधान पाठक की मौत, तीन घायल

रामानुजगंज। क्षेत्र के ग्राम चिनिया में सोमवार को अपराह्न लगभग 3.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोड़ के पास दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में एक प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलवाही नवापारा में पदस्थ प्रधान पाठक दयाशंकर सिंह मरकाम अपने साथी अनिल मरकाम के साथ बैंक कार्य से रामानुजगंज आ रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से संतोषी नगर पिपराही निवासी दो युवक बाइक से आ रहे थे तथा मोड़ के पास दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दयाशंकर सिंह मरकाम की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके साथी अनिल मरकाम घायल हो गए वहीं दूसरी बाइक पर सवार संतोषी नगर पिपराही निवासी विक्रम (18वर्ष) और सूरज मंडल (18वर्ष), पिता मृत्युंजय मंडल भी घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गया, जहां डॉक्टर सकेंद्र गुप्ता द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोनों युवक बलरामपुर महिंद्रा शोरूम में कार्य करते हैं।



# मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन, 5 घंटे एनएच जाम



**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौकत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग पांच घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम से दोनों ओर 10 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। प्रशासनिक अमले ने उचित मुआवजा सहित अन्य आश्वासन देकर तीन बजे चक्काजाम समाप्त कराया।

बता दें कि रविवार की शाम लखनपुर जोगीबांध निवासी 50 वर्षीया रामबाई पति जूठन, 60 वर्षीया मुन्नी बाई पति धनसाय राजवाड़े, 55 वर्षीय श्यामपति पति तिलसाय राजवाड़े नेशनल हाईवे 130 स्थित भिट्ठीकला में बाजार से सब्जी खरीदकर लौट रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक के शराबी चालक ने पैदल घर लौट रही महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिलाएं दूर जा गिरी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान गामीणों का आक्रोश भड़क उठा था लोगों ने चालक सोनू राजवाड़े की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीण आन्दोलन की तैयारी कर रहे थे। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीएम के आश्वासन उपरान्त मामला शांत हो गया था लेकिन सोमवार की सुबह एक बार फिर से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। एक ही परिवार की तीन महिलाओं की लाश पीएम उपरान्त परिजन को सौंपी गई जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच 130 पर टायर जलाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान लाशों को भी वाहन में रखा गया था। सुबह 10 बजे आन्दोलन शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया और वाहनों की कतार लग गई। जाम में कई एम्बुलेंस भी फंस गए। हालांकि इनमें मरीज नहीं थे। चक्काजाम की सूचना पर एसडीएम फागेश सिन्हा सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाए जाने, 30 दिनों में चालान पेश करने, वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने, स्ट्रीट लाइट लगाने सहित अन्य मांगें रखीं। एसडीएम फागेश सिन्हा ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद तीन बजे चक्काजाम समाप्त हुआ।

### मंत्रियों को सद्बुद्धि मिले...डीएड अभ्यर्थियों ने दंडवत होकर की प्रार्थना

**रायपुर।** डीएड अभ्यर्थियों ने सोमवार को सहायक शिक्षकों के 2300 खाली पड़े पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अनूठा प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेश के 14 कैबिनेट मंत्रियों के मुखौटे के सामने दंडवत प्रणाम करते हुए पूजा-अर्चना की। साथ ही मंत्रियों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के चयनित डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 104 दिनों से अलग-अलग तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के जरिए वे अपने लंबित मांग को शासन तक पहुंचाने धरनास्थल पर डटे हुए हैं।आंदोलन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों का कहना है यदि जल्द ही उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई तो वे आगे बड़े स्तर पर आंदोलन करने बाध्य होंगे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने बाद भी उन पर झूठे केस दर्ज किए गए।


केनरा बैंक Canara Bank A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29/04/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **श्री संदीप लाल पुत्र स्व. डॉ. एलएमबी लाल** मकान नं. 214, मिशन कंपाउंड, तिलक वार्ड मुंगेली (छ.ग.) 495334 | **भूमि एवं भवन स्थित सर्वे नंबर 431/16, लेआउट प्लॉट नंबर 56, ट्यूलिप गार्डन, हाउसिंग सोसाइटी, फोन नंबर 46 क्षेत्र 0.015 हेक्टेयर/1650 वर्ग फीट, मौजा बिनौरी, आरएनएम सकारी, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) -495330** संपत्ति मालिक- संदीप लाल पुत्र स्वर्गीय डॉ. एलएमबी लाल डीड के अनुसार चर्तुसीमाएंः पूर्वः निस्तारी रोड, पश्चिमः लेआउट प्लॉट नंबर 63,उत्तरः लेआउट प्लॉट नंबर 55, दक्षिणः लेआउट प्लॉट नंबर 57 BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSANDEEPLAL COORDINATES: 22.120009, 82.041274 सांकेतिक कब्जा | 18.01.2025 / 25.03.2025 / दि. 06/04/2026 को ₹ 28,60,983.25 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 32,50,000/- / ₹ 3,25,000/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 06.04.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक



**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LIMITED**
OFFICE OF THE SUPERINDENDING ENGINEER (PROJECT) CIRCLE BILASPUR

NO. SE (PROJECT)/ BSP/Tender Notice/113 — BILASPUR, DT. 02 .04.2026
Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible electrical contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following work.

| No. | Tender No | Rfx no. | Particulars of Works | Tender amount (in Rs.) | Tender fee (online) | Completion period (excluding Rainy season) | Time/Due date of submiision |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/PROJECT/ BSP/T-05 25.03.2026 | 8100050362 | Estiamate for 14 nos. 14*3=42 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Tumla (Kadgadipa) under Ankira DC under (O&M)Dn. Kaunkuri | 571089/- | 2000/- | 60 Days | 3 PM 15.04.2026 |
| 2 | SE/PROJECT/ BSP/T-06 25.03.2026 | 8100050368 | Estiamate for 7*3 =21 HP Irrigation TW/Pump Connection at Village Sonmuth (parsatala) under sanna DC under (O&M)Dn. Jashpur | 489313/- | 2000/- | 60 Days | 3 PM 15.04.2026 |

**Terms & Conditions:-1.**Bids will be opened at 3.30pm and onward on the same day of submission.The details available in web site www.cspc.co.in → CSPDCL→ PROJECT may be downloaded and should be submitted.2.CSPDCL reserves the right to reject or cancel any or all the bids without assigning any reason thereof.3. Corrigendum, if any will be published only on website www.cspc.co.in→ CSPDCL→O&M and notice board.4. For e-bidding CSPDCL Helpline no. 0771-2576672 EITC (CSPDCL)tenders.cspdcl@co.in)

// Save Electricity //
V.K.TIWARI (91519200)
Superintending Engineer (Project)Circle. C.S.P.D.C.L., Bilaspur



homefirst We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना**

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **05-04-2026** को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ पठित धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **05-04-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अतः, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है:

| क्र. सं. | खाताधारक का नाम और पता, ऋणधारक(ओं) और जमानतदार(ओं) | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | अजय जांगड़े, हरवंशलाल जांगड़े, अनिता जांगड़े | मकान-खसरा नंबर 148/30, प.ह.नं. 35, मौजा मंगला, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व-25 फीट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-दीप्ति का मकान, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 1,698,622 |
| 2. | अशोक वस्त्रकार, अमरिका वस्त्रकार | फ्लैट-मौजा सैदा, प्लॉट नं. 8/1, खसरा नं. 37/119 भाग, मौजा सैदा, म.न. 07, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम -निस्तारी सड़क, उत्तर -विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 1,248,189 |
| 3. | भागीरथी यादव, अनिता यादव | मकान-खसरा नं.-530/1, प.ह.नं.-33, वार्ड संख्या-48, अमरैय्या चौक, चांटीडीह, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व - विनोद साहू व निर्मला की भूमि, पश्चिम-मुख्य सड़क, उत्तर -राम खिलावन साहू की भूमि, दक्षिण- ईश्वर प्रसाद यादव की भूमि। | 711,144 |
| 4. | गणेश कुमार पटेल, अंजलि पटेल | प्लॉट-प.ह.नं.- 24/41, मौजा सैदा, खसरा नं. 250/13 भाग, प.ह.नं.-41 रा.नि.मं. सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व -20 फीट निस्तारी रोड, पश्चिम -बिमला बाई की भूमि, उत्तर -विक्रेता, दक्षिण-विक्रेता की भूमि | 638,001 |
| 5. | पन्नालाल महिलांगे, शीतला बाई महिलांगे | प्लॉट-ख.नं. 248/32, प.ह.नं.- 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-सड़क, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट | 1,451,913 |
| 6. | प्रतिभा पात्रे, विकास पात्रे | मकान-188, ईडब्ल्यूएस, दीन दयाल कॉलोनी मंगला, बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व-मकान नं. 181, पश्चिम-20 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर-मकान नं. 189, दक्षिण-मकान नं. 187 | 646,427 |
| 7. | राज कुमार मेहर, जमुना बाई मेहर | प्लॉट-मौजा पत्थरखान, ख.नं.126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001., सीमाएँ: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-अन्य का प्लॉट, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 989,571 |
| 8. | राजू साहू, भारती साहू | प्लॉट- ख.नं.37/61, मौजा - सैदा, मौजा - सैदा, प.ह.नं.- 41, रा.नि.मं.- अमसेना, तह. - सकरी, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएं: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 1,151,440 |
| 9. | रामबहोरन यादव, विजयलक्ष्मी यादव | प्लॉट-126/62, प.ह.नं.- 41, रा.नि.मं.- अमसेना, तह. - सकरी, 16/30, मौजा पत्थरखदान, ख.नं. नंबर 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं.सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व-सड़क, पश्चिम-दुबे की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि | 1,627,210 |
| 10. | सुमित्रा निर्मलकर, दुर्गेश निर्मलकर | मकान-प्लॉट नंबर 11, शीट नंबर 35, ख.नं. 635/4, ख.नं. 635/25, शीट नंबर 35, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. बिलासपुर विकासखंड बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व-विद्यावती भटनागर का प्लॉट, पश्चिम- निस्तारी रोड, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। | 1,293,586 |
| 11. | सुंदरी मांडले, प्रतिभा पात्रे | मकान-ईडब्ल्यूएस 50; प.ह.नं.21/33; दीनदयाल आवास योजना कॉलोनी, मंगला; बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएं: पूर्व-मकान नंबर ईडब्ल्यूएस-51, पश्चिम- मकान नंबर ईडब्ल्यूएस -49, उत्तर - मकान नंबर ईडब्ल्यूएस -17, दक्षिण - पहुँच रास्ता । | 541,853 |
| 12. | उमा सोनी, सूरज कुमार सोनी, तबरेज खान | प्लॉट- ख.नं. 822/26, प.ह.नं. 17, मौजा खमतराई, तहसील व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व - छोटेलाल का मकान, पश्चिम -विमला कोराम की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण- जायसवाल की भूमि। | 1,655,521 |
| 13. | विशाल गुप्ता, निशा गुप्ता | प्लॉट-ख.नं. 37/10, मौजा मेण्ड्रा, प.ह.नं. 42, ख.नं. 146/3 (भाग), प.ह.नं. 61, मौजा घुरु, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व- निस्तारी रोड, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - विक्रेता, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। | 946,385 |

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटरों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं: (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

दिनांक: 07-04-2026 स्थान: बिलासपुर, — हस्ताक्षरकर्ता: अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खुले बाजार के...

कंपनियां दाम बढ़ाने के मामले में हमेशा से ही बेलगाम हैं। हर साल मानसून के समय भी जब डिमांड नहीं रहती है, तब भी दाम बढ़ा दिए जाते हैं। दाम बढ़ाने का विरोध रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कर चुके हैं। बीते साल तो प्रदेश सरकार ने भी नाराजगी जताते हुए सीमेंट कंपनियों की बैठक की थी। उद्योग मंत्री के साथ बैठक में तय किया गया था कि कंपनियां सीमेंट के दाम बढ़ाने से पहले इसकी सरकार को जानकारी देंगी और कारण भी बताएंगी, लेकिन कंपनियां ऐसा नहीं कर रही है। बैठक के बाद कई बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। अब फिर से वही किया गया है।

### पांच हजार से...

इससे बच्चे और शिक्षक त्रस्त हैं और लगातार स्कूल शिक्षा विभाग से इसकी मांग कर रहे हैं। इसका खामियाजा बच्चों और शिक्षकों को यूरिन इन्फेक्शन के रूप में भुगतना पड़ रहा है। बिलासपुर जिले की बात करें तो 160 से अधिक स्कूलों में टॉयलेट की बड़ी समस्या है। 200 से ज्यादा ऐसे विद्यालय है, जहां टायलेट तो हैं, लेकिन उपयोग के लायक नहीं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं हैं होना बेहद गंभीर स्थिति है। हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि लड़कियों के लिए अलग और कार्यात्मक शौचालयों की अनुपस्थिति अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने की दर में वृद्धि का कारण बन रही है। कोर्ट ने कहा कि समाचार रिपोर्ट से पता चलता है कि राज्य के स्कूलों में शौचालयों की स्थिति में संतोषजनक सुधार नहीं हुआ है, जिससे छात्राओं का रोजमर्रा का जीवन बहुत मुश्किल हो रहा है।

### छग में बढ़...

जाता है। ये कोई सामान्य बात नहीं है। गैर कार्यशील आबादी बढ़ने का असर राज्य की अर्थव्यवस्था पर होता है। साथ ही घर का एक व्यक्ति कमाने वाला होता है और खाने वाले कई, जिससे परिवार की बचत और निवेश की क्षमता कम हो जाती है। राज्य में आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय की एक रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया है। विभाग ने वर्ष 2011 की जनगणना और उसके बाद के वर्षों के इस्टीमेट के हिसाब से ये आधिकारिक आंकड़े निकाले हैं। नवीनतम अनुमानित आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 तक राज्य की कुल गैर-कार्यशील आबादी 1,59,64,759 होने का अनुमान है। 2011 की जनगणना में यह संख्या 1,33,64,973 थी, जो दर्शाती है कि पिछले डेढ़ दशक में आश्रित या बिना काम वाली आबादी में बड़ा उछाल आया है।

### रायपुर टॉप पर,...

जैसे जिलों में यह संख्या सबसे कम दर्ज की गई है।

### प्रति व्यक्ति आय...

उपभोग (भोजन, स्वास्थ्य) पर खर्च होता है, जिससे शिक्षा या कौशल विकास जैसे उत्पादक कार्यों में निवेश नहीं हो पाता।

### सरकारी खजाने पर...

सहायता' और 'स्वास्थ्य योजनाओं' पर बजट का बड़ा हिस्सा आवंटित करना पड़ता है। कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च होने से नए कारखाने, सड़कों या पुलों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए फंड कम बचता है। मानव संसाधन का कम उपयोग, यदि राज्य की युवा आबादी का एक बड़ा हिस्सा 'गैर-कार्यशील' है, तो यह 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' का नुकसान है। अधिक कार्यशील जनसंख्या होने पर औद्योगिक और कृषि उत्पादन बढ़ता है, लेकिन इसके विपरीत होने पर राज्य की सकल घरेलू उत्पाद विकास दर धीमी हो जाती है। लंबे समय तक काम न करने से युवाओं के कौशल और कार्यक्षमता में गिरावट आती है, जिससे भविष्य में उनके रोजगार पाने की संभावना और कम हो जाती है। प्रति व्यक्ति मांग और उपभोग में कमी होती है क्योंकि गैर-कार्यशील लोगों के पास अपनी क्रय शक्ति नहीं होती। यही नहीं इसके सामाजिक परिणाम भी होते हैं जो अंततः अर्थव्यवस्था को ही प्रभावित करते हैं, युवा आबादी का खाली बैठना अपराध दर और सामाजिक तनाव को बढ़ा सकता है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का खर्च बढ़ जाता है।

### राष्ट्रीय स्तर पर...

के कारण वहां आश्रित या गैर-कार्यशील लोगों की संख्या करोड़ों में है। आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल है, जहां बेरोजगारी दर सबसे कम है (हालिया सर्वे में यह 5वें स्थान पर रहा)। इसका मतलब है कि राज्य की आबादी का एक बड़ा हिस्सा किसी न किसी आर्थिक गतिविधि से जुड़ा हुआ है।

### राजस्व विभाग सबसे...

साथ ही शिक्षा विभाग में ज्यादातर जो रिश्वत लेते ट्रैप किए गए हैं, उनके द्वारा पदस्थापना से लेकर मेडिकल क्लेम तथा पेंशन राशि से संबंधित मामलों को सुलझाने पीड़ितों से पैसों की मांग की गई। इसी तरह तकनीकी क्षेत्र से जुड़े इंजीनियर ठेकेदारों से उनके निर्माण कार्य के ओके सर्टिफिकेट देने की एवज में पैसों की मांग करते दबोचे गए।

### रिश्वत पर एक...

0 कोरबा - 3 - सहायक उप निरीक्षक, पटवारी, शिक्षक,
0 गौरेला-पेंड्रा-मरवाही -1- राजस्व निरीक्षक-2,
0 जांजगीर-चांपा - 3- वरिष्ठ निरीक्षक, हथकरघा-1, पटवारी, अमीन पटवारी,
0 बिलासपुर - 3- नायब तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, टडाइ कीपर, सहायक ग्रेड-2,
0 मुंगेली -6 - प्राचार्य, सहायक उप निरीक्षक, सब इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक, दो सहायक ग्रेड-3, तीन पटवारी,
0 रायगढ़ - 5 - रेंजर, नाप तौल निरीक्षक, आबकरी उप निरीक्षक, महाप्रबंधक, एनटीपीसी, सहायक ग्रेड-2,
0 सक्ती - 4 - राजस्व निरीक्षक, मंडल निरीक्षक, बीएमओ, पटवारी,
0 सारंगढ़-बिलाईगढ़ - 1 - प्रधान आरक्षक, आरक्षक,
0 खैरगाढ़-छुईखदान-गंडई- 1 - पटवारी,
0 गरियाबंद- 1 सहायक अभियंता,
0 दुर्ग - 1 - सहायक ग्रेड-2,
0 बालोद - 1 - दो सहायक ग्रेड-2,
0 रायपुर - 5 - सहायक यंत्री, उच्च श्रेणी लिपिक, निज सहायक, सहायक ग्रेड-2, पटवारी, कोटवार,

### इन महत्वपूर्ण सात...

0 तेंदूपत्ता घोटाला - तेंदूपत्ता बोनस घोटाला प्रकरण में जांच एजेंसी ने 13 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किए हैं।
0 पटवारी राजस्व भर्ती परीक्षा-प्रकरण की जांच जारी है, 20 स्थानों में जांच एजेंसी ने छापे की कार्रवाई की थी।

### इनके खिलाफ...

भी आय से अधिक संपत्ति का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था, जिसमें लगभग 1800 प्रतिशत अनुपातहीन अवैध संपत्ति अर्जित किया जाना पाया जाने से अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो ब्यूरो की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।

### मुख्यमंत्री आज दिल्ली...

मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बस्तर में विकास और प्रदेश की गतिविधियों की जानकारी देंगे। साथ ही यह भी कहा कि यह सौजन्य मुलाकात है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार की देर रात लगभग साढ़े 11.30 बजे नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। अपने इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान मुख्यमंत्री 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसी दिन वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा खासतौर पर बस्तर के भविष्य को लेकर अहम माना जा रहा है। मोदी-शाह से मुलाकात के दौरान मुख्य फोकस माओवाद के प्रभाव में कमी के बाद बस्तर के समग्र विकास पर रहेगा। मुख्यमंत्री बस्तर के विकास का एक विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत करेंगे।

### सरकार ने बस्तर...

से आबादी बस चुकी है। इन गांवों में सड़क, बिजली और राशनकार्ड जैसी सुविधाएं पहुंचाई गई हैं। अब वहां स्कूलों की घंटी सुनाई देने लगी है। जो क्षेत्र वर्षों से पिछड़ा था, वह अब तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है।

### ट्रंप ने कहा-...

ट्रंप के इस बयान ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। मीडिया वार्ता के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य मिशन की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने अपने एक पायलट को बचाने के लिए अब तक का सबसे बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। यह पायलट ईरान के अंदर यानी दुश्मन के इलाके में गिर गया था। वहां हालात बहुत ही ज्यादा खतरनाक थे। इस जांबाज पायलट को सुरक्षित निकालने के लिए अमेरिका ने अपने 200 सैनिकों को मिशन पर लगाया था। इस पूरे ऑपरेशन में 21 अमेरिकी विमानों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया, बचाव अभियान के दौरान अमेरिकी विमानों पर बहुत करीब से भारी गोलीबारी की गई। इसके बावजूद अमेरिकी सैनिकों ने पीछे हटने के बजाय पूरी ताकत से मुकाबला किया और अपने साथी को बचा लिया। ट्रंप ने बताया कि सेना ने अपने ही एक विमान को खुद धमाका करके नष्ट कर दिया। ऐसा इसलिए किया गया ताकि अमेरिका की गुप्त तकनीक ईरान के हाथ न लग सके। ट्रंप ने अमेरिकी सेना के इस शौर्य और साहस की जमकर तारीफ की और इसे एक अद्भुत काम बताया। **पत्रकार को जेल भेजने की दी धमकी-** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस पत्रकार को जेल भेजने की धमकी दी, जिसने सबसे पहले यह खबर दी थी कि अमेरिकी बल ईरान में मार गिराए गए एफ-15 लड़ाकू विमान के पायलट की तलाश कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर वह अपने सूत्रों का खुलासा नहीं करता है तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा, जिस व्यक्ति ने यह खबर दी अगर वह (सूत्र के बारे में) नहीं बताएगा तो वह जेल जाएगा।

### अदाणी की जेपी...

कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) की अनुमति के कोई बड़ा नीतिगत फैसला लेने से रोक दिया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा — महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवाएं: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-दुकान में डिलीवरी एवं अन्य कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सरकंडा निवासी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- दोपहर 12बजे से शाम 5बजे, सुधा सेल्स नूतन चौक बिलासपुर 9827497999 (40476)

आवश्यकता है-फैक्ट्री में लोडिंग अनलोडिंग हेतु हमाल, एक सुपरवाइजर एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 7869919759 (40479)

आवश्यकता है-हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य हेतु लेबर, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मोदी हार्डवेयर, अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक सीमेन्ट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 (40478)

आवश्यकता है-विज्ञापन एजेन्सी में सुपरवाईजर, ड्राईवर इलेक्ट्रीशियन, फ्लेक्स माउंटिंग हेतु लड़कों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी-15 ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 6264550163, 9685542250, 9644004113 (40475)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी कम्पनी में कार्य करने हेतु इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें, गार्ड की ऊंचाई 5'-5'' होना अनिवार्य तथा 10वीं पास होना चाहिए, अनुभवी को वरीयता दी जाएगी, वेतन 11000/- से शुरु अच्छे व्यक्ति के लिए वेतन में वृद्धि किया जाएगा, मिलने का समय 10 से 6बजे, सम्पर्क-उमा सिक्योरिटी सर्विसेज, बहतराई स्टेडियम चौक के पास, बिलासपुर, 9981630084, 9425534940 (40465)

आवश्यकता है-तिफरा परसदा सिरगिट्टी बिलासपुर के प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान हेतु सुरक्षा गार्डों की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन शासकीय नियमानुसार। आवास निःशुल्क। अपने मूल दस्तावेजों के साथ तत्काल सम्पर्क करें- ग्राउण्ड फ्लोर, अम्बे प्लाजा तिफरा बस स्टैण्ड बिलासपुर 8964050263, 9522239468 (40472)

आवश्यकता है-सुपर बाजार में हेल्पर कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 8000+ बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार SBI ATM के पास, रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 7470592624 (40477)

आवश्यकता है-ट्रॉली कारखाना में काम करने वाले वेल्डर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। पूरे साल काम की गारंटी, परिवार सहित रहने पर खेती/सब्जी लगाने हेतु 40 डिसमील जमीन फ्री में उपलब्ध कमरा, बिजली, पानी मुफ्त सुविधा सम्पर्क करें- अमित कौशिक 9827892413 (40464)

आवश्यकता है-तत्काल भर्ती फिल्ड ऑफिसर- 10 (स्वयं की बाइक) सुपरवाईजर- 10 सुरक्षागार्ड- 50, (कार एवं कम्प्यूटर चलाने वाले को प्राथमिकता) बिलासपुर रायगढ हेतु। पता- बॉस सिक्यूरिटी बालाजी प्लाजा शॉप नं. 210 विधानी चौक हेमू नगर बिलासपुर 9111000881, 9303280228, 8962815185 (40470)

आवश्यकता है-अनुभवी नशा मुक्त कार ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 15000 सम्पर्क करें- सक्षम टीएमटी सुनयन चश्मा के बगल में सदर बाजार, करोना चौक बिलासपुर (40413)

**आवश्यकता है**
**प्राचार्य- 8 पद** (डिप्लोमा इले., बी.ई. इलेक्ट्रीकल)
**प्रशिक्षण अधिकारी- 10 पद** (इले., आई.टी.आई. पास, डिप्लोमा इले., बी.ई. मैकेनिकल, डिप्लोमा मैकेनिकल)
अनुभवी को प्राथमिकता
प्राचार्य
न्यू महाराणा आईटीआई
लोधीपारा पुराना सरकंडा बिलासपुर
9203905369
9203914561
9425556340

आवश्यकता है-साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जींस वियर रेडीमेड क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 9827887934 (40480)

आवश्यकता है-रेस्टोरेन्ट बार हेतु वेटर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क- सूर्या बार एण्ड रेस्टोरेन्ट, पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9993583617 (फोन करने का केवल समय प्रातः 11 से 5 तक) (40462)

आवश्यकता है-घरेलू कार्य हेतु महिला (खाना साफ सफाई सुबह, रात तक पोस्ट 15 एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़की (MS Word, MS Excel, Tally Prime हिन्दी टाईपिंग) पोस्ट 25 ड्राईवर अनुभवी पोस्ट- 20 हाऊस किपिंग स्टाफ (गर्ल एवं ब्वॉय) 25 पता- बॉस सिक्युरिटी बालाजी प्लाजा शॉप नं. 210 विधानी चौक हेमू नगर बिलासपुर 8889823100, 9098069415 (40471)

आवश्यकता है-FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस, सेल्स, गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 9111970228 8959080574 (40405)

आवश्यकता है-फील्ड वर्क, पेमेंट रिकवरी, ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी GST अकाउंट, कोटेशन के जानकार लड़के/ लड़की मिस्त्री मैकेनिक मेंटेनेंस हेतु लड़के चाहिए पता- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (40481)

आवश्यकता है-Ammaji Traders Field Officer, Salesman की आवश्यकता है। प्रारंभिक वेतन 15000 रहेगा, कार्य के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। बाहरी कार्य हेतु इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 8962151642, 6266732985 (40482)

आवश्यकता है-Srijan Alloys & Steel Pvt. Ltd. बिलासपुर (सिलपहरी) उपलब्ध पद B.Sc/ B.Com (फ्रेशर एवं अनुभवी), स्टोर कीपर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, लेथ ऑपरेटर (अनुभव उवर्ष से अधिक) सम्पर्क करें- एचआर विभाग 9301548687 (40455)

आवश्यकता है-तखतपुर (बिलासपुर) स्थित राइस मिल में न्यूनतम 10 वर्ष अनुभवी मशीन ऑपरेटर (मिस्त्री) की आवश्यकता है जिसे अच्छा वेतन एवं रहने की व्यवस्था प्रदान की जाएगी सम्पर्क करें- 8754507712, 7987309303 (40467)

आवश्यकता है-60 वर्षीय महिला वकील की शाम 5बजे से सुबह 7बजे तक सम्पूर्ण देखभाल हेतु 35 से 40वर्ष की एक महिला की आवश्यकता है वेतन 6000 रुपये सम्पर्क करें- 7869759897, 9893968977 (40469)

आवश्यकता है-मार्केटिंग कार्य करने हेतु अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रामकृष्णा हॉस्पीटल रौनक भवन गांधी चौक बिलासपुर 9770528914, 07752412828 (40466)

आवश्यकता है-घर में रहकर घरेलू खाना बनाने के लिए अनुभवी पुरुष कुक (व्यक्ति) की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9827195555 (40463)

आवश्यकता है-मल्टी नेशनल कम्पनी में 5 हेल्पर चाहिए स्वयं का वाहन अनिवार्य वेतन 5000 से 10000 पता- शांति नगर बिजली सब स्टेशन सिद्ध शिखर अपार्टमेन्ट के पास मंगला चौक बिलासपुर 9131514165 (40468)

आवश्यकता है-Zee Guard सोलर कंपनी को Sales Manager, फिल्ड ऑफिसर, सोलर लगाने हेतु आपरेटर, हेल्फर एवं एक Office Boy (Peon) की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, अग्रसेन चौक, बिलासपुर 6269222001, 8085045559 (40456)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 8085233213, 7223026026 (40406)

आवश्यकता है-सलवार सूट, ब्लाउज सिलाई करने वाले की आवश्यकता है विशेष प्रोफेशनल सिलाई कार्य केवल एक माह में सिखाया जाता है सम्पर्क करें- परफेक्ट बुटीक मुंगेली नाका बिलासपुर 7389444785 (40458)

आवश्यकता है-थोक आलू प्याज दुकान में मैन्युअल अकाउंट एवं सामान्य कार्य हेतु युवक (20-30 वर्ष), कार्य समय सुबह 9 से रात्रि 8बजे आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 9300328370 (40452)

आवश्यकता है-होलसेल मेडिकल दुकान हेतु अनुभवी सेल्समेन, माल निकालने हेतु लड़के/ लड़की, लोकल में माल छोड़ने हेतु एवं पैकिंग हेतु लड़कों की। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जगत एजेन्सी/ ट्रेडर्स, तेलीपारा बिलासपुर (26-27/0008)

आवश्यकता है-ई-ऑटो वर्ल्ड, महाराणा प्रताप चौक में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर-2, हाउस कीपिंग स्टाफ-3, कार ड्राइवर-2, कमर्शियल ड्राइवर-2, श्री व्हीलर मैकेनिक-2 , हेल्पर-2 की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8602735319, 8319341653 (40454)

आवश्यकता है-बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान में 25 से 40वर्षीय पढ़ी लिखी महिला केयर टेकर की आवश्यकता है 24 घंटे रहने, खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन सम्पर्क करें- 7225844359 (6626)

आवश्यकता है-Flipcart कम्पनी की लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता अनपढ़ से पोस्ट ग्रेजुएट जिले अनुसा सैलेरी 17500 से 22500 ड्यूटी 8 घंटे+ रहना खाना फ्री सम्पर्क करें- 8887178806 (4101)

आवश्यकता है-गोवा में सम्मान जनक परिवार के लिए भरोसेमंद महिला घर सहायिका House Help आयु 25 से 40वर्ष, हाई स्कूल पास, अच्छा वेतन सम्पर्क करें-7225844359, 9848250331 (6625)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता है जो बाहर इंदौर देवास रीवा शहडोल मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ महीना 25000 कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट सम्पर्क करें-6268044316, 9201024747 (351)

आवश्यकता है-गोड़पारा स्थित घर में काम करने हेतु एक लड़की या तलाकशुदा महिला की आवश्यकता है जिनके बच्चा नहीं हो। घर में रहना, खाना सेलरी। अपना आधार कार्ड व्हाट्सएप करें- 8103072149 (40457)

आवश्यकता है-(1) पैकिंग कार्य हेतु लड़कों (2) साफ सफाई हेतु लड़कियों (3) ई-रिक्शा ड्राइवर (4) कम्प्यूटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- भारत बैग हाउस तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर (40451)

आवश्यकता है-रायपुर एवं भिलाई सहित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान हेतु सुरक्षा गार्डो की न्यूनतम योग्यता 10वी पास उचाई 5'6'' फिट उम्र 23-44 साल के बीच वेतन 20000 मासिक सम्पर्क करें- सीडीओ सिक्योरिटी 7974912977 (247)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है उम्र 35 तक योग्यता 10वीं से ग्रेजुएशन सैलरी 5000 से 10000 सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 08982 373586 (40322)

## किराया

किराया-बाबूजी एम्पायर, अशोक नगर चौक, सीपत रोड बिलासपुर में 10000 वर्गफिट काम्प्लेक्स में शॉपिंग मॉल, कोचिंग, ऑफिस एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9827198371, 9907103707 (40321)

## बेचना है

बेचना है- बुधिया काम्प्लेक्स सरकंडा मेन रोड फेसिंग 10×23= (230 वर्गफिट) स्टेट बैंक सरकंडा से लगी दुकान बेचना है सम्पर्क करें- 9340094419 (40459)

बेचना है-सकरी मेन रोड, जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास विकसित कॉलोनी में कमर्शियल शॉप्स। बेहतर रेन्टल इंकम। मुख्य सड़क से लगी पॉश कॉलोनी 3BHK प्रीमियम लग्जरी हाउस बेचना है सुविधाएं अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीसिटी, 24×7 CCTV, क्लब हाउस, गार्डन, मन्दिर सीमित यूनिट्स सम्पर्क- 7799957000, 8109412221 (40424)

बेचना है-जांजगीर पुटपुरा चौक नेशनल हाईवे मार्ग में चन्देल पेट्रोल पम्प से आगे 50 फुट चौड़ा, 13 डिसमिल जमीन शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9009459938, 9754094457 (40474)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# एमआई के सामने होगी आरआर की मुश्किल चुनौती, हार्दिक की फिटनेस पर नजर

## आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में भिड़ेंगी रियान पराग और हार्दिक पंड्या की टीमें

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई।

हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।



### आरआर ने अपनाया आक्रामक रवैया

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है, विशेषपर डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से, जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

## बारिश के कारण कोलकाता-पंजाब का मैच रद्द, दोनों टीमों को मिला 1-1 पॉइंट

**कोलकाता।** आईपीएल का 12वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाना था। लेकिन ये मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया और इसे रद्द करना पड़ा। इसके चलते दोनों टीमों में एक-एक अंक शेयर किए गए। ये मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर था।

टॉस जीतकर केकेआर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन केवल 3.4 ओवर का ही खेल हो सका और फिर बारिश आ गई। रात करीब 10.30 पर बारिश थमी लेकिन मैदान गीला होने के चलते अंपायर्स ने इसे रद्द करने का फैसला लिया। मैच रद्द होने से केकेआर की अंक तालिका में अब एक अंक जुड़ गए हैं। क्योंकि इस मैच से पहले केकेआर को अपनी पहली जीत की तलाश थी। क्योंकि शुरुआती दोनों मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, पंजाब किंग्स की टीम ने अपने दोनों शुरुआती मैच जीते थे और अब उसके खाते में 5 अंक हो गए है। अब पंजाब अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ' जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।' फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग



**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है। पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी। यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।'



### अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।

28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।



### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

### आईसीसी अवॉर्ड

# सैमसन नॉमिनेट, बुमराह और एस्टरहुइजन से टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। संजू सैमसन का प्रदर्शन 'टी20 विश्व कप 2026' में शानदार रहा था। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में दमदार पारी खेली थी।

वहीं, जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में गेंद से अहम किरदार निभाया था। एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मुकाबलों में 200 रन बनाए। सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक लगाया था और 33 गेंदों में 75 रनों की दमदार पारी खेली थी। साउथ अफ्रीका पांच मुकाबलों की सीरीज को 3-2 से अपने नाम करने में सफल रही थी।

### केर, मूनी और अयाबोंगा शॉर्टलिस्ट

*न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी और साउथ अफ्रीकी सीमर अयाबोंगा खाका को मार्च महीने के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया था। बीते महीने उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के तीन मुकाबलों में 46.67 की औसत के साथ 140 रन बनाने के अलावा, सर्वाधिक 16 विकेट हासिल किए थे। वहीं, बेथ ने दो वनडे मुकाबलों में कुल 171 रन बनाए। उन्होंने होबार्ट में भारत के खिलाफ सीरीज के आखिरी वनडे में नाबाद 106 रन की पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से सीरीज जीत मिली। दूसरी ओर, अयाबोंगा न्यूजीलैंड में खेली गई टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं, उन्होंने चार मुकाबलों में कुल आठ विकेट लिए। इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 56 रन देकर 6 विकेट लिए थे। अगले मैच में 51 रन देकर 3 विकेट निकाले।*



### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# प्रीति ने किया उलटफेर, ऐजी इम को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

उदीयमान भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन हारकर बाहर हो गई। प्रिया और अरुंधति चौधरी ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पूजा रानी और अंकुशिता बोरो को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा ।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने तीन दौर के मुकाबले में इम को 5-0 से हराया । अब फाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैंपियन (2019, 2023,2025) और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की हुआंग सियाओ वेन से होगा।



### प्रिया ने मोंखोर को हराकर फाइनल में जगह बनाई

महिलाओं के 60 किलोवर्ग में प्रिया ने स्थानीय मुक्केबाज नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना उत्तर कोरिया की उन जियोंग वोन से होगा। अरुंधति ने उजबेकिस्तान की ओइशा तोइरोवा को 70 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया। अब उनका सामना कजाखस्तान की बेकित सेइदिश से होगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत को ओलंपिक पदक विजेता चीन की वू यू ने 51 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 से मात दी। निकहत की इस मुक्केबाज के खिलाफ यह दूसरी हार है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को 75 किलोवर्ग में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता उजबेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा ने 5-0 से मात दी । पहले दौर में बाय मिलने के बाद यह टूर्नामेंट में लवलीना का पहला मुकाबला था।

## अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, 'भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ' इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे।

### कैंडिडेट्स शतरंज

# प्रज्ञानानंदा का गिरि से मुकाबला हर हालत में जीत की जरूरत



**पाफोस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के आठवें दौर में मंगलवार को नीदरलैंड के अनीश गिरि से खेलेंगे तो उन्हें टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। चेन्नई के 20 वर्ष के प्रज्ञानानंदा इस समय सात दौर के बाद 3.5 अंक लेकर गिरि के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अब टूर्नामेंट के सात दौर के मुकाबले बचे हैं। पहले मुकाबले में गिरि को हराने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरी जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं। उन्हें शीर्ष पर काबिज उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने हराया जबकि पांच मुकाबले ड्रॉ रहे।

### सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर

सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। चीन के वेइ यि और जर्मनी के मथियास ब्लूबाम संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि हिकारु नकामूरा उनसे आधा अंक पीछे हैं । इस टूर्नामेंट के जरिए मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश के चैलेंजर तय होगा। **प्रज्ञानानंदा की बहन दूसरे स्थान पर :** महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा की बहन आर. वैशाली चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं जबकि दिव्या देशमुख उनसे आधा अंक पीछे हैं। वैशाली को अब कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा से खेलना है। वहीं दिव्या मुसिचुक से खेलेंगी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

अनुलग्न-अ

**कार्य विवरण:** पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए सेक्शन- II ( GTW, JRMG, AKT, NIA, CPH और KRBA) में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर साइनबोर्ड, पिलर कियोस्क, ग्लो साइनबोर्ड और विनाइल रेपिंग के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने का लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है । कैटलॉग पहले ही दिनांक 27.03.2026 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://Ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं:-

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| ADVT-SECII-7000 | Advertising-On Station Premises (Non-Digital) | 15.04.2026 13.00 | ADVT-BSP-CPH-OSN-152-26-1 | सेक्शन-II (GTW, JRMG, AKT, NIA, CPH और KRBA) में विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर साइनबोर्ड, पिलर कियोस्क, ग्लो साइनबोर्ड और विनाइल रैपिंग के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने का लाइसेंस. | 1826 दिन |

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (माल भाड़ा-II)
द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/799



**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390007
कॉरपोरेट कार्यालय: बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई - 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारक /ऋणधारकों को ICICI बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।
भुगतान में विफलता के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी 7 मई, 2026 को आयोजित की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो गई है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ऋणधारक (ओं) का नाम | नीलामी शाखा का पता/पते |
|---|---|---|
| शाखा का नाम: अंबिकापुर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बनारस चौक, एम.जी.रोड, अंबिकापुर छत्तीसगढ़ -497001 |
| 042562002800 | सुनील कुमार मिंज | |
| शाखा का नाम: बस्तर, छत्तीसगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडीएम रोड, राजेंद्र नगर वार्ड, नगर पंचायत, पोस्ट बस्तर, बस्तर, छत्तीसगढ़- 494223 |
| 360162002141 | मायाराम कश्यप | |
| 360162002145 | सिरो कश्यप | |
| शाखा का नाम: घरघोड़ा, छत्तीसगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पुराना जनपद पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय घरघोड़ा, जिला-रायगढ़, घरघोड़ा, छत्तीसगढ़- 496111 |
| 372262001467 | लक्ष्मण कुमार सिदार | |
| शाखा का नाम: जगदलपुर II | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, राम्मैया वार्ड नंबर 18, चित्रकूट रोड, हिकानिपारा, जगदलपुर, जिला: बस्तर, छत्तीसगढ़ - 494001 |
| 443162001686 | मोती सिंह खंडेल | |
| शाखा का नाम: जशपुर नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शांति कॉम्प्लेक्स, 1071/1,1072/1, रायगढ़ रोड, देवनारायण हुंडा शोरूम के बगल में, जशपुर, छत्तीसगढ़ - 496331 |
| 784962000104 | स्टैनी किंडो | |
| 784962000106 | | |
| शाखा का नाम: कोरबा-बालको नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जीईटी छात्रावास के सामने, बाल्को नगर, कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ - 495684 |
| 756057000005 | बिंदु शाह | |

नीलामी उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी।
समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक।
कृपया ध्यान दें कि ICICI बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 07.04.2026
स्थान: बस्तर, कोरबा, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़

भवदीय, सही/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Ref. No: MCCPL/COAL TRANSPORTATION/2026-27/001**

**Description of work:**
We, Maruti Clean Coal and Power Limited, are operating our 1X300 MW Thermal Power Plant at Village - Bandhakhar, Tehsil - Pali, District - Korba (Chhattisgarh). We are inviting bids from interested experienced Transport Service Provider/Agencies for Transportation of Coal Approx. 1,50,000 MT/Month for our 1x300MW Thermal Power Plant, Bandhakhar from…

1. Different SECL mines in Korba Area to MCCPL Ratija Washery and/or to our Plant at Village Bandhakhar, Tehsil - Pali, District - Korba (Chhattisgarh).
2. Any other Mines (State of CG, Odisha & Maharashtra) to our plant at Village-Bandhakhar, Tehsil -Pali, District-Korba (Chhattisgarh).

Above works may be awarded to one or more than one Transport Service Providers/Agencies. The work will be started from 00.00 hrs. of 01.05.2026.

**Pre-Qualification Criteria:** Transport Service Provider/Agencies should have successfully completed same or similar nature work in Thermal Power Plant in India during last 03 financial years. Work Order along with Work Completion/ Performance certificate from the respective employer need to be submitted. Transport Service Provider/Agencies should have ownership of a fleet of minimum 50 Nos. of the tipping trucks/trucks required for the work.

Tender Document will be issued on written request of eligible Transport Service Provider. Transport Service Provider should submit Pre-Qualification Criteria documents along with the request.

Interested Transport Service Provider may collect Detailed Tender Document personally from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time:

**Tender document available:** From 08/04/2026 at 11.00 Hrs. to 15/04/2026 at 17.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 16/04/2026 at 17.00 hrs.
**Address** : **MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED** Village-Bandhakhar, PO-Nunera, Tehsil-Pali, District-Korba-495449, Chhattisgarh.
**Contact Person: Mr. Deepak Kumar Pattanaik-9692159526**

-S/D-
Maruti Clean Coal and Power Limited



**MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED**

**NOTICE INVITING TENDER**

**Ref. No: MCCPL/COAL LOADING/2026-27/002**

**Description of work:**
We, Maruti Clean Coal and Power Limited, are operating our 1X300 MW Thermal Power Plant at Village - Bandhakhar, Tehsil - Pali, District - Korba (Chhattisgarh). We are inviting bids from interested experienced Transport Service Providers/Agencies for Coal loading into Tippers/Trucks for our 1x300MW Thermal Power Plant, Bandhakhar at

1. Different SECL mines in Korba Area and/or MCCPL Ratija Washery.
2. Any other Mines (State of CG, Odisha & Maharashtra).

Above works may be awarded to one or more than one Transport Service Providers/Agencies. The work will be started from 00.00 hrs. of 01.05.2026.

**Pre-Qualification Criteria:** Transport Service Provider/Agencies should have successfully completed same or similar nature work for Thermal Power Plant in India during last 03 financial years. Work Order along with Work Completion/Performance certificate from the respective employer need to be submitted. Transport Service Provider/Agencies should have ownership of adequate number of the loading equipment / Front End Loaders required for the work.

Tender Document will be issued on written request of eligible Transport Service Provider/Agencies. Transport Service Provider /Agencies should submit Pre-Qualification Criteria documents along with the request.

Interested Transport Service Provider may collect Detailed Tender Document personally from below mentioned address & submit their bid in sealed envelope on or before closing date and time:

**Tender document available:** From 08/04/2026 at 11.00 Hrs. to 15/04/2026 at 17.00 hrs.
**Last date of Bid submission:** 16/04/2026 at 17.00 hrs.
**Address** : **MARUTI CLEAN COAL AND POWER LIMITED** Village-Bandhakhar, PO-Nunera, Tehsil-Pali, District-Korba-495449, Chhattisgarh.
**Contact Person: Mr. Deepak Kumar Pattanaik-9692159526**

-S/D-
Maruti Clean Coal and Power Limited




# 33 साल बाद बहन ने एक फोटो के सहारे ढूंढ निकाला खोया हुआ भाई



बीजिंग। कहते हैं सच्चा रिश्ता वक्त और दूरी से नहीं टूटता। चीन की एक बहन ने इस बात को सच साबित कर दिया। उसने अपने अपहृत भाई को 33 साल बाद सिर्फ एक पुरानी तस्वीर के सहारे ढूंढ निकाला। यह कहानी आज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

## भाई के खोने के बाद ली लिन ने पूरी जिंदगी उसे ढूंढने में लगा दी

### कैसे बिछड़े थे भाई-बहन?

यह दर्दनाक कहानी चीन की है। ली लिन (अब 44 साल) और उनके छोटे भाई ली शिन बचपन में ही अनाथ हो गए थे। मां की मौत कैंसर से हो गई और पिता मानसिक रूप से टूट गए। ऐसे में दोनों भाई-बहन को खाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। एक दिन बारिश से बचने के लिए दोनों एक ट्रक में जाकर छिप गए, लेकिन वह ट्रक उन्हें एक अनजान शहर में ले गया। वहीं, एक अजनबी महिला ने छोटे भाई को खाने के लिए ब्रेड दी और उसे अपने साथ ले गई। ली लिन ने इसे मदद समझा, लेकिन उनका भाई कभी वापस नहीं लौटा।



### बहन ने नहीं मानी हार

भाई के खोने के बाद ली लिन ने पूरी जिंदगी उसे ढूंढने में लगा दी। उन्होंने करीब 1 मिलियन युआन (लगभग 1.2 करोड़ रुपए) खर्च कर दिए। मजदूरी की, ईंटें ढोईं, होटल में बर्तन धोए और पूरे देश में हजारों पर्चे बांटे। सबसे बड़ी बात, उनके पास कोई डीएनए या ठोस सबूत नहीं था, बस एक पुरानी बचपन की फोटो थी।

### भाई ने भी झेली मुश्किल जिंदगी

उधर, उनके भाई ली शिन को ग्वांगडोंग में एक परिवार ने गोद ले लिया और उसका नाम बदलकर हान रख दिया गया। उसने कई बार भागने की कोशिश की। भीख मांगकर गुजारा किया। और उसका बचपन बेहद कठिन परिस्थितियों में बीता।

### आखिर कैसे हुआ मिलन?

यह कहानी तब पूरी हुई जब जियांग्शी प्रांत के एक पुलिस अधिकारी ने उस पुरानी फोटो के आधार पर एक संभावित व्यक्ति की पहचान की। बाद में डीएनए टेस्ट कराया गया, जिसमें यह पुष्टि हुई कि वही व्यक्ति ली लिन का खोया हुआ भाई है। 33 साल बाद दोनों भाई-बहन आखिरकार मिल गए।

# चांद के सफर पर मैक एंड चीज की दावत!

## अंतरिक्ष में उड़ते हुए डिनर कर रहे एस्ट्रोनॉट्स, हवा में तैरते खाने का वीडियो वायरल

वॉशिंगटन। चांद की सैर पर निकले नासा के आर्टेमिस 2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से एक बहुत ही मजेदार वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में दिखाया गया है कि जीरो ग्रेविटी में वे अपना खाना कैसे खाते हैं। चांद की तरफ बढ़ रहे नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने अपने खाने का एक खास वीडियो साझा किया है। पहले स्पेस फूड का मतलब सिर्फ सूखा या पेस्ट जैसा खाना होता था, लेकिन अब यह तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। आर्टेमिस-2 मिशन में एस्ट्रोनॉट्स ऐसा खाना खा रहे हैं, जो उन्हें घर जैसा एहसास दिलाता है। वैज्ञानिकों ने आर्टेमिस 2 के क्रू के लिए एक ऐसा मेन्यू तैयार किया है, जो न केवल सेहतमंद है, बल्कि स्वाद में भी लाजवाब है। क्योंकि, ओरियन कैप्सूल में जगह कम है और वहां गुरुत्वाकर्षण भी नहीं है, इसलिए वहां का खाना हमारे घर जैसा आसान नहीं होता। नासा के वीडियो में देखा जा सकता है कि एस्ट्रोनॉट्स रीड वाइसमैन, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन मजे से 'मैक एंड चीज' और 'श्रिम्प कॉकटेल' का आनंद ले रहे हैं।

### अंतरिक्ष में क्या है मेन्यू?

मिशन कमांडर रीड वाइसमैन और क्रिस्टीना कोच ने दिखाया कि उनके पास अंतरिक्ष में भी 'मैक एंड चीज' जैसा कम्फर्ट फूड मौजूद है। इसके अलावा मेन्यू में झींगा, बारबेक्यू बीफ ब्रिस्केट, मैंगो सलाद और मसालेदार बीन्स जैसी 189 अनोखी चीजें शामिल हैं। यह सिर्फ खाना नहीं, बल्कि घर की याद दिलाने वाला स्वाद है। जब आप हजारों किलोमीटर दूर होते हैं, तो ऐसी चीजें मन को काफी सुकून देती हैं।

### कैसे खाया जाता है खाना अंतरिक्ष में?

अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता, इसलिए खाना जमीन की तरह नहीं खाया जा सकता। यहां हर चीज पैकेट में बंद होती है। खाने से पहले उसमें पानी मिलाया जाता है या उसे हल्का गर्म किया जाता है। फिर उसे चम्मच से या सीधे पैकेट से खाया जाता है, जिससे कुछ भी उड़कर इधर-उधर न जाए। इस खाने को विशेष रूप से हीट ट्रीट किया जाता है, जिससे यह बिना फ्रिज के भी सालों तक खराब नहीं होता।



### क्रम्स से बचना क्यों जरूरी है?

स्पेसक्राफ्ट के अंदर साधारण ब्रेड या बिस्किट खाना मना है। क्योंकि, अंतरिक्ष में खाने के छोटे टुकड़े जमीन पर नहीं गिरते, बल्कि हवा में तैरते रहते हैं। ऐसे में ये टुकड़े किसी एस्ट्रोनॉट की आंख में जा सकते हैं या स्पेसक्राफ्ट के संवेदनशील उपकरणों और तारों में फंसकर शॉर्ट सर्किट पैदा कर सकते हैं। इसलिए ऐसा खाना चुना जाता है, जो चिपचिपा हो और जिसके टुकड़े न उड़ें।

### पाउडर पूरी तरह मना है!

अंतरिक्ष में आप खाने में नमक या काली मिर्च का पाउडर नहीं छिड़क सकते। गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण पाउडर हवा में तैरने लगेगा। यह एस्ट्रोनॉट की आंखों या नाक में जा सकता है या स्पेसक्राफ्ट की नाजुक मशीनों में फंसकर उन्हें खराब कर सकता है। वहां नमक और मिर्च तरल रूप में दिए जाते हैं, जिन्हें तेल या पानी की बूंदों की तरह खाने में मिलाया जाता है।

### खाना पकाया कैसे जाता है?

ओरियन स्पेसक्राफ्ट में कोई गैस चूल्हा या माइक्रोवेव नहीं होता। खाना पहले धरती पर ही पकाकर उसकी सारी नमी सुखा दी जाती है। यह दिखने में सख्त टुकड़ों या पाउडर जैसा होता है। एस्ट्रोनॉट एक मशीन के जरिए खाने के पैकेट में गर्म पानी डालते हैं, जिसके बाद कुछ ही मिनटों में खाना वापस अपने असली और स्वादिष्ट रूप में आ जाता है।



### स्वाद में आता है बदलाव

क्या आप जानते हैं कि अंतरिक्ष में जाने पर खाने का स्वाद थोड़ा बदल जाता है? गुरुत्वाकर्षण न होने से शरीर के तरल पदार्थ सिर की ओर बढ़ने लगते हैं, जिससे नाक बंद जैसी महसूस होती है। इसलिए, एस्ट्रोनॉट्स को अक्सर ज्यादा मसालेदार और चटपटा खाना पसंद आता है। इस तरह के खाने में उन्हें ज्यादा स्वाद महसूस होता है।

# खेत में निकला इंसानी 'हाथ' किसान ने बेचने से कर दिया इंकार

**बीजिंग।** चीन के इस बुजुर्ग किसान को अपनी मेहनत का ऐसा फल मिलेगा, उसने सपने में भी नहीं सोचा था। दिन का समय था। सूरज चमक रहा था और चाचा अपने खेत में रतालू खोद रहे थे। अचानक उन्हें कुछ अजीब सा अहसास हुआ। जैसे ही उन्होंने मिट्टी हटाई, उनकी चीख निकल गई। जमीन के अंदर से पांच उंगलियों वाला एक बिल्कुल इंसानी हाथ जैसा दिखने वाला रतालू (एक पौष्टिक कंद वाली जड़ वाली सब्जी है, जो जमीन के नीचे उगती है) बाहर आया।



### खौफ के बाद आया नोटों का ऑफर

शुरुआत में तो किसान को लगा कि कहीं उसने कोई लाश तो नहीं खोद दी। वह बुरी तरह घबरा गया था, लेकिन जब उसे धोया और साफ किया, तो पता चला कि यह तो सिर्फ एक सब्जी है, जिसकी शक्ल हुबहू इंसानी हाथ जैसी है। अब भाई, सोशल मीडिया का जमाना है, खबर आग की तरह फैल गई। लोग दूर-दूर से इस 'जादुई रतालू' को देखने आने लगे। बात सिर्फ देखने तक नहीं रुकी, पैसे की बरसात भी शुरू हो गई। ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीदारों ने इस अजीबोगरीब रतालू के लिए बोलियां लगानी शुरू कर दीं। आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन एक शख्स ने तो इसे खरीदने के लिए 8,000 युआन (करीब 1.25 लाख रुपए से ज्यादा) की पेशकश कर दी।

### लाखों की माया, फिर भी किसान का दिल नहीं डोल पाया

जहां कोई भी आम इंसान इतनी मोटी रकम देखकर फौरन डील पक्की कर लेता, वहीं हमारे इन किसान चाचा का मिजाज थोड़ा अलग निकला। उन्होंने साफ कह दिया 'ये बिकाऊ नहीं है।' उन्होंने इतने भारी-भरकम ऑफर को ठुकरा दिया। उनका मानना है कि यह कुदरत का एक नायाब तोहफा है और वह इसे अपने पास ही रखना चाहते हैं। फिलहाल, यह हाथ वाला रतालू एक पत्थर के बर्तन में सुरक्षित रखा गया है। लोग इसे किसी अजूबे से कम नहीं मान रहे। वाकई, कुदरत की कारीगरी का कोई मुकाबला नहीं है, कभी-कभी वो ऐसी चीजें बना देती है कि दुनिया बस देखती रह जाए।

# ये सुअर नहीं, चलता-फिरता सेलिब्रिटी है!

## गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड जीतकर बना सोशल मीडिया का असली बादशाह

**नई दिल्ली।** जमाना बदल गया है।..अब केवल इंसान ही सोशल मीडिया पर जलवे नहीं बिखेर रहे, बल्कि जानवरों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। मिलिए मर्लिन से, जो कोई मामूली जानवर नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे मशहूर सुअर बन गया है। इंस्टाग्राम पर इसके 11 लाख से ज्यादा चाहने वाले हैं। मर्लिन की खासियत ये है कि ये बटन दबाकर अपनी बात कहता है। इसके पास 25 अलग-अलग साउंड बटन हैं, जिनका इस्तेमाल ये भूख लगने पर, ध्यान खींचने के लिए या अपनी नाराजगी जताने के लिए करता है। इसकी मालकिन मीना अलाली ने इसे 2022 से ट्रेनिंग देना शुरू किया था और आज ये हाल है कि मर्लिन ने 'मोस्ट फॉलोड पिग' का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। मर्लिन जब



अपनी रिकॉर्ड वाली ट्रॉफी के साथ पोज देता है, तो उसकी शान देखने लायक होती है। हालांकि, रिकॉर्ड मिलने पर वो थोड़ा मायूस भी था, क्योंकि उसे लगा कि इस पार्सल में उसके लिए कोई खाने वाली चीज होगी। उसकी मालकिन कहती हैं कि मर्लिन उनके लिए किसी बच्चे से कम नहीं है और उसकी हरकतों ने लाखों लोगों का तनाव और उदासी दूर की है।

### ट्रेनिंग का कमाल और वर्ल्ड रिकॉर्ड का जलवा


मीना को जानवरों को ट्रेन करने का पुराना तजुर्बा है, लेकिन मर्लिन के साथ ये सफर काफी सब्र वाला रहा। शुरू में वो बहुत शोर मचाता था, लेकिन आज वो अपनी भावनाओं को बटन के जरिए बखूबी समझा लेता है। दुनिया इसे कचरे में रहने वाला जीव समझती है, लेकिन मर्लिन ने साबित कर दिया कि अगर हुनर तराशा जाए तो मंजिल कदम चूमती है।




# डर या संगीत सुनकर क्यों खड़े हो जाते हैं रोंगटे, इस राज से उठा पर्दा

**नई दिल्ली।** अक्सर आपने देखा होगा कि ठंड लगने, डरने या किसी इमोशनल गाने को सुनने पर हमारे शरीर के रोएं खड़े हो जाते हैं, जिन्हें हम आम भाषा में रोंगटे खड़े होना कहते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर यह होता क्यों है? इसके पीछे की वजह क्या है? तो यहां हम आपको इसका साइंटिफिक रीजन बताने वाले हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह हमारे शरीर का एक प्राचीन रिस्पॉन्स सिस्टम है, जो आज के समय में हमारे लिए भले ही बेमतलब हो, लेकिन हमारे पूर्वजों के लिए यह जान बचाने का जरिया हुआ करता था।

**शरीर के अंदर क्या होता है :** हमारी त्वचा पर मौजूद हर बाल एक छोटे से छेद के अंदर होता है। इस छेद से एक बेहद छोटी मांसपेशी जुड़ी होती है, जिसे एरेक्टर पिली कहते हैं। जब हमारा नर्वस सिस्टम शरीर को संकेत भेजता है, तो ये मांसपेशियां एक साथ सिकुड़ जाती हैं। इससे बाल सीधे खड़े हो जाते हैं और उनके आस-पास की त्वचा ऊपर की ओर खिंचकर एक छोटा दाना जैसा बना लेती है।



### एड्रेनालाइन का खेल

रोंगटे खड़े होने का असली ट्रिगर 'एड्रेनालाइन' नाम का हार्मोन है। जब मस्तिष्क को अचानक ठंड लगती है या किसी खतरे (डर या उत्साह) का आभास होता है, तो वह तुरंत खून में एड्रेनालाइन छोड़ता है। यही वजह है कि रोंगटे किसी एक जगह नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर एक साथ दिखाई देते हैं।

### संगीत या भावनाओं से रोंगटे क्यों?

वैज्ञानिकों का मानना है कि हमारे मस्तिष्क का वह हिस्सा, जो भावनाओं को संभालता है, उसी हिस्से से जुड़ा है, जो शारीरिक खतरे को भांपता है। जब हम कोई बहुत गहरा या इमोशनल संगीत सुनते हैं, तो दिमाग उसे एक 'झटके' की तरह लेता है और एड्रेनालाइन छोड़ देता है, जिससे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।




### हमारे पूर्वजों के लिए यह क्यों हथियार था?

इंसानों के लिए आज रोंगटे किसी काम के नहीं हैं, लेकिन हमारे पूर्वजों और अन्य जानवरों के लिए इसके दो बड़े फायदे थे। जब घने बालों वाले जानवरों के बाल खड़े होते हैं, तो वे त्वचा के पास हवा की एक परत को कैद कर लेते हैं। यह 'एयर पॉकेट' कड़ाके की ठंड में शरीर की गर्मी को बाहर नहीं जाने देती थी। अब इंसानों ने समय के साथ शरीर के बाल खो दिए, इसलिए अब हमें इससे गर्मी नहीं मिलती। जानवरों में आपने देखा होगा कि बिल्ली या कुत्ता खतरा महसूस होने पर अपने बाल फुला लेते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com